www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 25, अंक 15, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 29 जुलाई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

शिक्षा विभाग आग में जा गिरा है

प्रियंका के बयान पर सियासत तेज, गृह मंत्री से मिले नए शिक्षामंत्री

नई दिल्ली

प्रियंका गांधी ने मंगलवार (28 जुलाई) को सदन में आड़े हाथों लेते हुए देश के नए शिक्षामंत्री पर महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए जमकर घेरा. प्रियंका के भाषण के दौरान हंगामे की स्थिति बन गई. अब इसी सिलसिले में निशिकांत दुबे और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ प्रह्लाद जोशी ने पहले स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की, अब खबर है कि प्रह्लाद जोशी और किरेन रिजिजू संसद में केंद्रीय मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करने पहुंचे.

लोकसभा में एंटी-पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी पर की गई टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया. संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने इसे 'चरित्र हनन' बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई थी और टिप्पणी हटाने की मांग की थी, जिसके बाद पीठासीन अधिकारी ने इसे कार्यवाही से हटाने का निर्णय लिया.

क्या है पूरा विवाद, संसद में ऐसा क्या हुआ? सदन में एंटी पेपर लीक पर बहस चल रही थी. इस पर प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक नए शिक्षामंत्री को नियुक्त किया है. एक ऐसे व्यक्ति को जिन्होंने गर्भवती महिला के साथ बलात्कार के दोषियों की रिहाई पर सहमति और खुशी भी जताई थी. देश के करोड़ों लोगों को प्रधानमंत्री ने क्या संदेश दिया है. बस इसी के बाद सदन में हंगामा खड़ा हो गया. बीजेपी सांसद खड़े हो गए. इसका विरोध करने लगे.

प्रियंका गांधी के शिक्षा मंत्री पर बयान से हंगामा, पक्ष-विपक्ष भिड़े

प्रियंका के आरोपों पर क्या बोले प्रह्लाद जोशी

वहीं, प्रह्लाद जोशी ने प्रियंका गांधी के बयान पर कहा है कि प्रियंका गांधी को अपने बयानों को प्रमाणित करना चाहिए था. फैलाई जा रही गलत सूचना के संबंध में कार्रवाई की जानी चाहिए. क्या कोई कुछ भी कह सकता है. इससे बच सकता है? मैं इन आरोपों का खंडन करता हूं. उन्हें निष्कासित किया जाना चाहिए. माफी मांगना चाहिए.

राहुल गांधी ने भी दी पूरे मामले पर प्रतिक्रिया

इधर, इस पूरे मामले पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, देश की शिक्षा सुधार को लेकर हजारों की संख्या में युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया. इसमें छात्राओं और युवतियों की भारी हिस्सेदारी थी. उन्हें शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान बुरी तरह पीटा गया. अब बीजेपी ने भारत के शिक्षा मंत्री के रूप में एक ऐसे व्यक्ति को चुना है, जो यौन उत्पीड़न के आरोपियों का बचाव करता है.

प्रियांक खड़गे बोले- शिक्षा विभाग आग में जा गिरा है

वहीं, इस पूरे मामले पर कर्नाटक के गृहमंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा, शिक्षा विभाग अब आग में जा गिरा है.

अगर आप प्रहलाद जोशी से बड़े सुधार की उम्मीद कर रहे हैं, तो आप बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं. वह उन लोगों का बचावकर्ता हैं, जिन्होंने महिलाओं पर अत्याचार किए हैं. खुले तौर पर इसका बचाव करते हैं।

'पेपर माफिया को मिट्टी में मिला देंगे'- अनुराग ठाकुर

लोकसभा में पेपर लीक पर बोलते हुए बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमारी सरकार एक ऐसा सिस्टम बनाना चाहती है, जिसमें कोई कमी न हो. उन्होंने पेपर लीक रोकने वाले कानून में संशोधन पर बहस में देरी करने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा. अनुराग ठाकुर ने कहा, आतंकवाद और नक्सलवाद ने दशकों से इस देश को बहुत दुख पहुँचाया है और गहरे घाव दिए हैं. मोदी सरकार ने देश को इन गहरे घावों से मुक्त कराने का काम किया है. हमने आतंकवाद और नक्सलवाद को जड़ से खत्म किया है, और हम पेपर लीक की समस्या को भी जड़ से खत्म करने का काम करेंगे.'

बीजेपी सासंद अनुराग ठाकुर ने कहा कि पेपर लीक में गिरफ्तार 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने कहा पेपर माफिया को मिट्टी में मिला देंगे. अनुराग ठाकुर ने कहा, 'पेपर लीक आतंकवाद से कम खतरनाक नहीं है. युवा इसका शिकार होता है. हम इस बीमारी का इलाज करेंगे. मोदी सरकार के पास हर मर्ज की दवा है. हमारी सरकार युवाओं के साथ है और यह किया है कि ऐसा कानून लाएंगे, जो सख्त होगा.'

अनुराग ठाकुर ने प्रियंका गांधी को दिया जवाब

प्रियंका गांधी ने राधाकृष्णन कमेटी का जिक्र करते हुए सदन में कहा कि इस कमेटी में तो एक गौमूत्र के विशेषज्ञ भी हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे लोगों को शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जिम्मेदारी कैसे सौंपी जा सकती है. इसका जवाब देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, 'प्रियंका गांधी किस तरह से

अहमदाबाद विमान दुर्घटना: अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट में सौंपी जाएगी एएआईबी की अंतिम

नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय बताया कि जून, 2025 में अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया उड़ान हादसे की जांच करने वाले विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की अंतिम मसौदा रिपोर्ट अक्टूबर के पहले सप्ताह में सीलबंद लिफाफे में अदालत के समक्ष पेश की जाएगी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इन दलीलों पर भी संज्ञान लिया कि ह्यफेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्सह्न एएआईबी को अपने

सुझाव दे सकता है, जिन पर एएआईबी जांच के दौरान आवश्यक समझे जाने पर विचार किया जा सकता है। सॉलिसिटर जनरल ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि याचिकाकर्ताओं में से एक द्वारा दायर आवेदन में किए गए अनुरोध पर चार सिमुलेशन परीक्षण किए जा चुके हैं।

छात्रों को समाधान चाहिए, राजनीति नहीं

नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बेंगलुरु दक्षिण सांसद तेजस्वी सूर्या ने 28 जुलाई को लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक पर बहस के दौरान इस बात पर जोर दिया कि छात्र ठएएळ-वऋ पेपर लीक मुद्दे पर राजनीतिक विवादों के बजाय समाधान तलाशें। संसद के मॉनसून सत्र के दौरान बोलते हुए, सूर्या ने उन लाखों छात्रों और उनके परिवारों के लिए निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली के महत्व पर जोर दिया, जो अवसरों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं पर निर्भर हैं।

टी दिलीप की छुट्टी, टीम इंडिया को मिलेगा नया फील्डिंग कोच; रिपोर्ट

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कोचिंग स्टाफ में बड़ी हलचल देखने को मिल रही है. पहले बताया गया कि असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने इस्तीफा दिया. अब फील्डिंग कोच टी दिलीप की छुट्टी और रिप्लेसमेंट की खबर आई. यह बदलाव टीम इंडिया के श्रीलंका दौरे से पहले हुए.

स्पोर्ट्स स्टार के हवाले से बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि दोनों (रयान टेन डोशेट और टी दिलीप) का आयरलैंड और इंग्लैंड दौर पर कॉन्ट्रैक्ट समाप्त हो गया था. दोनों के कॉन्ट्रैक्ट को आगे नहीं बढ़ाया गया. बता दें कि टी दिलीप 2021 से टीम इंडिया के साथ हैं. पिछले साल उनके कॉन्ट्रैक्ट को एक साल के लिए बढ़ाया गया था.

शुभदीप घोष नए फील्डिंग कोच

रिपोर्ट में आगे बताया गया कि शुभदीप घोष टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ में टी दिलीप की जगह लेंगे. 15 अगस्त से टीम इंडिया को श्रीलंका दौरे पर 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. शुभदीप घोष के लिए यह भारत के फील्डिंग कोच के रूप में पहली सीरीज हो सकती है.

कौन हैं शुभदीप घोष?

शुभदीप असम और रेलवे के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी रहे. वह टीम इंडिया के लिए नहीं खेल सके. उनका फर्स्ट क्लास करियर ज्यादा लंबा नहीं रहा।

दिल्ली में भारी बारिश से जनजीवन बेहाल: सदर बाजार और कनॉट प्लेस में जलभराव

नई दिल्ली

दिल्ली में मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव, बाजारों में पानी भरने और लंबे ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा हो गई। कई जगह स्कूली बच्चों को पानी से भरी सड़कों से गुजरना पड़ा, जबकि कनॉट प्लेस समेत प्रमुख व्यावसायिक इलाके भी प्रभावित रहे। बारिश के बाद शहर की मानसून तैयारियों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए। आप की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर सदर बाजार का एक वीडियो साझा करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि कमर तक भरे पानी के कारण अभिभावकों को बच्चों को कंधों पर बैठाकर स्कूल ले जाना पड़ा। उन्होंने कहा, दिल्ली के सबसे बड़े थोक बाजारों में से एक सदर बाजार में स्कूली बच्चों को कमर तक पानी में से होकर गुजरना पड़ रहा है।

डिजिटल अरेस्ट को अलग अपराध घोषित करने पर विचार करे केंद्र सरकार: उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार फौजदारी कानून में ह्यडिजिटल अरेस्टह्न को औपचारिक रूप से परिभाषित करने और इसे कड़ी सजा वाला एक अलग अपराध घोषित करने पर विचार कर सकती है। ह्यडिजिटल अरेस्टह्न साइबर अपराध का व्यापक होता एक स्वरूप है, जिसमें ठग खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारियों, अदालत के कर्मचारियों या सरकारी एजेंसियों के पदाधिकारी बताकर ऑडियो

और वीडियो कॉल के जरिए पीड़ितों को डराते-धमकाते हैं। वे पीड़ितों को ह्यडिजिटल मंच पर एक तरह से बंधक बना लेते हैं और उन पर पैसे देने का दबाव डालते हैं।

प्रधान न्याधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में ठोस सबूतों के आधार पर जब किसी आरोपी के खिलाफ अपराध में संलिप्तता की शुरूआती राय बन जाती है, तो उसकी संपत्ति को ह्यकुर्कह्न किया जा सकता है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि कानून में ह्यडिजिटल अरेस्टह्न को पहले ही एक अपराध के तौर पर परिभाषित किया गया है।

संभल मस्जिद विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट को आगे नहीं बढ़ना चाहिए था

सुप्रीम कोर्ट में दी गई दलील

संभल

उच्चतम न्यायालय को मंगलवार को बताया गया कि संभल की एक अदालत द्वारा शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद में सर्वे का आदेश दिए जाने के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय को शीर्ष अदालत के दिसंबर 2024 के आदेश की पृष्ठभूमि में आगे बढ़ना ही नहीं चाहिए था। उच्चतम न्यायालय ने 12 दिसंबर 2024 को दिए गए एक महत्वपूर्ण आदेश में देश की सभी अदालतों को अगले आदेश तक नए मुकदमे दर्ज करने और लंबित मामलों में कोई प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश देने से रोक दिया था। ये मामले खासतौर पर धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों और दरगाहों से जुड़े थे।

न्यायालय ने यह आदेश उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया था। साल 1991 के इस कानून के तहत किसी भी उपासना स्थल के धार्मिक स्वरूप को बदलने पर रोक लगी है और प्रावधान है कि किसी उपासना स्थल का 15 अगस्त 1947 तक जो धार्मिक स्वरूप था, उसे बरकरार रखा जाए। हालांकि, अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया था।

संभल की जामा मस्जिद प्रबंधन समिति की ओर से दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 19 मई 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली इन याचिकाओं पर न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने सुनवाई की। उच्च न्यायालय ने शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल की अदालत द्वारा दिए गए सर्वे के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका खारिज कर दी थी और निचली अदालत के सर्वे के आदेश को बरकरार रखा था।

उरी में माइन ब्लास्ट, सेना के 2 जवान घायल

जम्मू कश्मीर

जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास एक माइन धमाके में सेना के दो जवान घायल हो गए. यह धमाका कमलकोट सब-सेक्टर में 12 इन्फैंट्री ब्रिगेड के तहत काम करने वाली 8 राष्ट्रीय राइफल्स की 'अपर गढ़ फॉरवर्ड पोस्ट' के पास हुआ. यह इलाका उरी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है.

घायल जवानों को तुरंत घटनास्थल से निकालकर एयरलिफ्ट के जरिए श्रीनगर के बादामीबाग स्थित सेना

के बेस हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. घायल सैनिकों की पहचान दफादार विजय कुमार (42) और नायक शरणपा अंगारी (28) के तौर पर हुई है. दोनों 8 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात हैं. अधिकारियों ने बताया कि माइन धमाके की वजहों का पता लगाया जा रहा है।

राजस्थान के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में सबसे अधिक 14 बाघ-बाघिन और शावक

जयपुर

जयपुर का नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क बाघों के संरक्षण के लिहाज से राजस्थान का प्रमुख प्राणी उद्यान बनकर उभरा है। राज्य के चार प्रमुख पार्कों में रहने वाले कुल 18 बाघों में से 14 बाघ, बाघिन और उनके बच्चे इसी प्राणी उद्यान में हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस (29 जुलाई) के अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि यदि प्रदेश के जैविक उद्यानों की तस्वीर देखें तो जयपुर का नाहरगढ़ जैविक उद्यान सबसे अलग नजर आता है। नाहरगढ़ जैविक उद्यान में

14 बाघ-बाघिन और शावक हैं। यहां सफेद बाघ, नवजात शावक और सफल प्रजनन कार्यक्रम न केवल वन्यजीव संरक्षण की कहानी कहते हैं, बल्कि दय उद्यान को पर्यटकों के आकर्षण का भी प्रमुख केंद्र बनाते हैं।

वन विभाग के अनुसार, नाहरगढ़ जैविक उद्यान में 4 बाघ, 4 बाघिन और छह शावक मौजूद हैं। प्रदेश में जयपुर के नाहरगढ़, उदयपुर के सज्जनगढ़, जोधपुर के माचिया और कोटा के अभेड़ा जैविक उद्यान में विभिन्न प्रजातियों के वन्यजीवों का संरक्षण किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार अधिवक्ताओं को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा देने की दिशा में करेगी काम: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार अधिवक्ताओं को ह्यकैशलेसह्न स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेगी और इसके लिए एक उपयुक्त तंत्र विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बार एसोसिएशन, दीवानी अदालत, गोरखपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के परिचय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाएगी। योगी ने अधिवक्ताओं को समाज का सजग प्रहरी बताते हुए कहा कि वे संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने और न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका

निभाते हैं।

उन्होंने अधिवक्ताओं से देश और समाज को कमजोर करने वाले प्रयासों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव और आर्थिक प्रगति से कुछ ताकतें असहज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी ताकतें सोशल मीडिया अभियानों, फर्जी खातों और विभाजनकारी प्रयासों के माध्यम से समाज में जाति, क्षेत्र, व धर्म के आधार पर मतभेद पैदा करने की कोशिश कर सकती हैं।

योगी ने कहा कि अधिवक्ता समुदाय को इन चुनौतियों का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि कानूनी बिरादरी की जिम्मेदारी है कि वह देश और समाज के हित में कार्य करे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले वर्षों में देश ने बुनियादी ढांचे के विकास, विरासत संरक्षण और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत करने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

गुड़िया तालाब से हटाया गया अवैध कब्जा, प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़, प्रयागराज। नगर पंचायत शंकरगढ़ स्थित गुड़िया तालाब की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। राजस्व विभाग, शंकरगढ़ पुलिस और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराने की कार्रवाई की।

राजस्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार गुड़िया तालाब की सरकारी भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था। शासन के निर्देश पर सार्वजनिक भूमि, तालाब, नाले और अन्य सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। प्रशासन ने मौके पर बने अवैध मकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तालाबों और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा चिन्हित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध

नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कानूनगो विजयकांत पांडे, राजस्व निरीक्षक (आरआई) देवी शंकर तिवारी, लेखपाल विनय कुमार, शंकरगढ़ थाना पुलिस, नगर पंचायत के कर्मचारी तथा अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया।

वृद्ध को गाली देते हुए घर पर किया पथराव, मुकदमा दर्ज

मांडा, प्रयागराज। दरवाजे पर गंदा पानी बहाने से रोकने पर पड़ोसी द्वारा वृद्ध और उसके बेटे को गालियां देते हुए धारदार हथियार लेकर खदेड़ने तथा घर पर पथराव कर सीमेंट की चादर तोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित ५की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के भारतगंज चौकी अंतर्गत कुखुड़ी गांव निवासी 69 वर्षीय जगदंबा प्रसाद पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि पड़ोसी नीतेश कुमार उनके दरवाजे पर गंदा पानी बहा रहा था। विरोध करने पर आरोपी गालियां देते हुए धारदार हथियार लेकर उन्हें और उनके बेटे जानेंद्र कुमार को दौड़ा लिया। दोनों ने घर में घुसकर किसी तरह अपनी जान बचाई। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने घर के बाहर चढ़कर पथराव किया, जिससे मकान की सीमेंट की चादर क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

काली माता मंदिर जाने वाले मार्ग पर वर्षों से भरा दूषित पानी, ...वर्षों से सफाई कर्मी नदारत

अखंड भारत संदेश

सोरांव। विकास खंड सोरांव की ग्राम पंचायत मिजार्पुर बरई शिव में स्थित काली माता मंदिर जाने वाला मुख्य मार्ग पिछले कई वर्षों से दूषित पानी से लबालब भरा हुआ है। इससे श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को मंदिर तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। जलभराव के कारण राहगीरों के फिसलकर गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर मार्ग के किनारे बनी नाली पर कुछ लोगों ने मिट्टी डालकर अवैध कब्जा कर लिया है। नाली बंद होने के कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब पांच वर्षों से नाली की सफाई नहीं

मंदिर के रास्ते भरा दूषित पानी से हो रही परेशानी

कराई गई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत भी नाली की सफाई कराने और अतिक्रमण हटवाने में असमर्थ दिखाई दे रही है।

स्थानीय निवासी रोहित सिंह, रामकुमार, मूलचंद सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मी और ग्राम प्रधान को कई बार नाली साफ करवाने के लिए कहा गया। लेकिन साफ नहीं हुआ है। दूषित पानी के बीच होकर मंदिर जाना मजबूरी बन गया है। इससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि शेर बहादुर के घर से लेकर सुरेंद्र सिंह, अरविंद, चमन सिंह, करण सिंह, ज्ञान सिंह और मान सिंह के मकानों तक नाली अवरुद्ध है, जिससे पूरे मार्ग पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल नाली की सफाई, अतिक्रमण हटाने और मंदिर मार्ग को सुचारु कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे ब्लॉक मुख्यालय सोरांव का घेराव कर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। उनका कहना है कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या की लगातार अनदेखी की जा रही है, जबकि यह मार्ग गांव के प्रमुख धार्मिक स्थल तक जाने का मुख्य रास्ता है।

बैजूपुर कुढ़वां से कुंदौरा महादेव मंदिर जाने वाली सड़क जलमग्न

जंघई। बैजूपुर कुढ़वा चौराहा से कुंदौरा महादेव मंदिर जाने वाली सड़क पर बैजूपुर में बारिश मे सड़क पर कीचड़ एवं जलभराव हो गया है। प्राचीन शिव मंदिर श्री हरिहर धाम कुंदौरा महादेव मंदिर, बंदी पट्टी बाजार जाने वाली और भदोही और प्रयागराज जनपद को जोड़ने? वाली यह सड़क बैजूपुर कुढ़वां में सड़क पर जल भराव हो गया है स्थानीय लोगों का कहना है जल? निकासी हेतु नाली न होने के कारण सड़क पर जल भराव हो जाता है। बारिश का पानी नही निकल पाता है इसके कारण हर बारिश मे जलभराव हो जाता है। सावन माह में दूर दराज से भक्तगण एवं हजारों कांवरिया महादेव का जलाभिषेक करने आते हैं और प्रत्येक सोमवार को भी इसी रास्ते से भक्तगण महादेव का जलाभिषेक करने जाते हैं इसके बावजूद टूटी सड़क की मरम्मत नहीं हो रही है जलभराव है, जिसके कारण आवागमन करने वाले नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है लोग पानी में गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। आवागमन करने वाले नागरिकों ने सड़क की मरम्मत एवं नाली निर्माण की मांग किया है ताकि आवागमन सुचारु रुप से हो सके।

प्रकृति संरक्षण और हेपेटाइटिस दिवस पर बच्चों को किया जागरूक, आयोजित हुआ पोस्टर प्रतियोगिता

सहसों। भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान, रुदापुर में मंगलवार को प्रकृति संरक्षण एवं विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष देवराज उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को प्रकृति संरक्षण, वनों की अंधाधुंध कटाई रोकने, वन्य जीवों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने तथा जल संरक्षण एवं पर्यावरण की रक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति हम सभी के जीवन का सशक्त आधार है। प्रकृति जितनी समृद्ध और सुरक्षित होगी, मानव जीवन उतना ही स्वस्थ और खुशहाल रहेगा। धरती और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किए बिना जीव-जंतुओं और मनुष्य के जीवन की सुरक्षा संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे, वनस्पतियां और वन्य जीव पर्यावरण संतुलन के महत्वपूर्ण आधार हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। देवराज उपाध्याय ने कहा कि आज प्राकृतिक संसाधनों के लगातार

दोहन और वनों की कटाई के कारण अनेक जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। स्वच्छ हवा, निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण के लिए प्रकृति की रक्षा जरूरी है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे को देखते हुए सभी को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक और सतर्क रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने और वन्य जीवों की सुरक्षा का संदेश देकर लोगों को जागरूक किया। प्रतियोगिता में कुमारी अनुष्का जायसवाल ने प्रथम, कुमारी जैनब अंसारी ने द्वितीय तथा अनु यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

गुरु पूर्णिमा पर संघ का गुरु दक्षिणा एवं भगवा ध्वज पूजन कार्यक्रम आज

शंकरगढ़, प्रयागराज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यमुनापार के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार 29 जुलाई को श्रीराम वाटिका, पुरानी बाजार, शंकरगढ़ में गुरु दक्षिणा एवं परम पवित्र भगवा ध्वज पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 7 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक सुबंधु जी का बौद्धिक होगा, जिसमें वे गुरु पूर्णिमा के महत्व, राष्ट्र निर्माण, संगठन और सेवा भाव पर स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे। संघ के पदाधिकारियों ने सभी स्वयंसेवकों एवं संघ परिवार के सदस्यों से समय से पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करने और इसे सफल बनाने की अपील की है।संघ के अनुसार गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय परंपरा में गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। इसी भावना के साथ स्वयंसेवक भगवा ध्वज का पूजन कर गुरु दक्षिणा अर्पित करेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के शामिल होने की संभावना है।

बारिश के पानी में भीगना : क्या यह नुकसान कर सकता है? : डॉ आर के कुशवाहा

कोराँव, प्रयागराज। बारिश में भीगना कई लोगों को अच्छा लगता है, बारिश में कभी-कभार थोड़ी देर भीगना अधिकांश स्वस्थ लोगों के लिए गंभीर समस्या नहीं होता, लेकिन लंबे समय तक भीगना, गंदे पानी के संपर्क में रहना या भीगने के बाद उचित देखभाल न करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। बारिश में भीगने के बाद शरीर का तापमान कम हो सकता है, जिससे सर्दी-जुकाम, गले में खराश या वायरल संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि केवल भीगने से सर्दी नहीं होती, लेकिन ठंड और वायरस के संपर्क में आने पर बीमारी की संभावना बढ़ सकती है। शहरी क्षेत्रों में शुरूआती बारिश के पानी में धूल, प्रदूषण और हानिकारक रसायन मिले हो सकते हैं। ऐसे पानी के संपर्क से त्वचा में खुजली, एलर्जी, दाने या आंखों में जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यदि पैरों में कोई घाव हो और व्यक्ति गंदे या रुके हुए बारिश के पानी में चले, तो बैक्टीरिया या फंगस से संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों को बारिश में भीगने से विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

बचाव के उपाय

- बारिश में भीगने के बाद जल्द से जल्द सूखे कपड़े पहनें।
- शरीर और बालों को अच्छी तरह सुखाएं।
- गुनगुना पेय या सूप लें ताकि शरीर का तापमान सामान्य रहे।
- यदि गंदे पानी के संपर्क में आए हों, तो साबुन से स्नान करें।
- लंबे समय तक गीले कपड़े या जूते न पहनें।
- यदि बुखार, तेज खांसी, सांस लेने में तकलीफ, त्वचा पर गंभीर संक्रमण या लगातार अस्वस्थता महसूस हो, तो चिकित्सक से सलाह लें। इसलिए बारिश का आनंद लें, लेकिन सावधानी के साथ।

शोक समाचार के चलते तहसील में दो दिन से न्यायिक कार्य बंद, एसडीएम एवं तहसीलदार ने की जन सुनवाई

लेखपाल कानूनगो को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कोरांव प्रयागराज। तहसील कोरांव में निरंतर दो दिन से वकील परिवार के शोक समाचार के चलते बार एसोसिएशन कोरांव द्वारा दी गई शोक सूचना के अनुसार मंगलवार को भी न्यायिक कार्य बार और बेंच के सामंजस्य से सहानुभूति पूर्वक स्थगित रही। उल्खेनीय है कि तहसील कोरांव में कुछ वकीलों द्वारा दिए गए शोक श्रद्धांजलि के पश्चात अदालती कार्य न किए जाने को कथित रूप से तहसीलदार सुश्री रोशनी सोलंकी के विरुद्ध न्यायिक कार्य का बहिष्कार एवं हड़ताल का दुष्प्रचार किया जा रहा हैं।जिसे उपजिलाधिकारी ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि कोई हड़ताल अधिवक्ता संघ की ओर से घोषित नहीं की गई हैं, यदि किसी भी अधिवक्ता साथी या शिकायत करता को कोई समस्या है तो वह सीधे मेरे समक्ष बात रख कर समस्या का

समाधान किया जा सकता हैं। उपजिलाधिकारी कोरांव ठाकुर प्रसाद ने पूर्व में पारित आदेश के क्रम में तहसील के कानूनगो सहित समस्त लेखपालों को हर मंगलवार को आयोजित बैठक में सरकार शासन तथा जिला प्रशाशन द्वारा जारी गाइड लाइन और आदेशों के क्रम में समय बद्ध गुणवत्ता पूर्ण अनुपालन किए जाने एवं जनशिकायतो की समस्याओं के स्थलीय सत्यापन के साथ निस्तारण के आदेश दिए और कृत कार्यवाहियों की समीक्षा भी की।

एसडीएम ने फरियादियों की समस्या सुनते हुए भूमाफियाओ एवं सार्वजनिक जमीनों चक मार्गो के अवैध कब्जे करने वालों के विरुद्ध चेतावनी देते हुए कब्जे खाली करने की चेतावनी दी है। श्री ठाकुर प्रसाद ने कहा यदि इस में कोई अतिचारी बाधा उत्पन्न करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्यवाही की जाएगी।

जैसा कि डीएम मनीष कुमार वर्मा के आदेश हैं कि भू अतिचारी चाहे जितनी पकड़ वाला हो, ऐसे तत्वों के खिलाफ सभी अधिकारी एफ आई आर दर्ज कराते हुए अतिक्रमित जमीन तत्काल प्रभाव से खाली करायें, जिसका पालन तहसील प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

बसपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सिद्ध नारायण को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने आवास पहुंचकर अर्पित की पुष्पांजलि, परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

सहसों। बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त ऑडिटर सहसों निवासी सिद्ध नारायण के निधन पर उनके आवास पर पार्टी कार्यकताओं की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में बहुजन समाज पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने पहुंचकर दिवंगत सिद्ध नारायण के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विश्वनाथ पाल ने कहा कि सिद्ध नारायण संगठन के कर्मठ, समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता थे। उनका निधन बहुजन समाज पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। संगठन और समाज के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण एवं सेवा भावना को सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिद्ध नारायण ने पार्टी के विचारों और संगठन को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर डॉ जगन्नाथ पाल, सतीश जाटव, आकाश राव, पंकज गौतम, टीएन जैसल, राकेश वर्मा, राज कुमार प्रजापति, डॉ. उर्मिला राव, दीपचंद सरल, शिव मिलन, सूर्योदय मिश्रा, राम प्रताप राव, भानु आदर्श, मनोज कुमार, नंद बिहारी सहित बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

सावन से पहले दशाश्वमेध घाट की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

श्रद्धालुओं की सुविधा पर रहेगा विशेष फोकस

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सावन माह की शुरूआत से पहले संगम नगरी के प्रमुख घाटों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की कवायद तेज हो गई है। मुख्यमंत्री के निदेर्शों के क्रम में मंगलवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अधिकारियों ने स्वच्छता प्रभारी डॉ. आनंद कुमार सिंह के साथ दशाश्वमेध घाट का संयुक्त निरीक्षण कर साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने घाट पर तैनात कर्मचारियों और स्वच्छता मित्रों को स्वच्छता के मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि सावन माह में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। गंगा स्नान, जल भरने

तथा आवागमन के दौरान व्यवस्थाएं सुचारु रहें, इसके लिए घाट पर चौबीसों घंटे साफ-सफाई बनाए रखने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वच्छता कार्यों की नियमित निगरानी करने पर भी जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी डॉ. आनंद कुमार सिंह, निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, हरेंद्र प्रसाद, विजय प्रकाश एवं पर्वत राज मौजूद रहे। इसके अलावा सुपरवाइजर आशुतोष त्रिपाठी, लवकुश शुक्ला, अजय कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता मित्र और मेला प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कांग्रेसियों ने उप जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

करछना प्रयागराज। बीते दिनों प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर लाठी चार्ज किए जाने और राम मंदिर में चढ़ावा चोरी सहित कई समस्याओं को लेकर तहसील पहुंचे कांग्रेसियों ने उप जिला अधिकारी को नवसूत्रीय मांगपत्र सौंपा। पीसीसी सदस्य डा,दिनेश कुमार सोनी और पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी की अगुवाई में बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता मंगलवार को तहसील परिसर में पहुंचे।इस दौरान छात्रों पर हुए लाठीचार्च की घोर निंदा करते हुए मृतक छात्र-छात्राओं को उचित मुआवजा देने, राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच कराए जाने, छात्रों पर लदे मुकदमे वापस लेने,क्षेत्र की कई सड़कों की मरम्मत कराए जाने,पंचदेवरा से करछना के बीच बने ओवर ब्रिज पर लाइट की व्यवस्था करने,पेट्रोल में इथेनॉल की समस्या सहित नौ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। कांग्रेसियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेकर शीघ्र निदान करने पर जोर दिया।

सेवा निवृत्त कर्मचारियों की मासिक बैठक संपन्न

प्रयागराज। सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा प्रयाग राज की मासिक बैठक जनपद अध्यक्ष श्री आर पी पाण्डेय जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कोषागार प्रयाग राज के पेंशनर कक्ष में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जनपद मंत्री सन्त लाल सोनकर द्वारा किया गया। आज की बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष श्री आर पी पाण्डेय ने बताया कि इस पेंशनर संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा दिनांक १७ जून २०२६से माननीय प्रधान? मंत्री जी को सम्बोधित सामुहिक हस्ताक्षर याचिका १०, सुत्रीय मांगपत्र के साथ जनपद वार प्रति दिन १००० से अधिक पेंशनर की सामुहिक हस्ताक्षर याचिका भेजी जा रही है। फिर भी प्रधानमंत्री मंत्री कार्यालय द्वारा अभी तक पेशनरो की मांगो पर विचार नहीं

किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में विगत ६ एवं ७ जुलाई को आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन की बैठक तेलंगाना के हैदराबाद मे हुई।जिसमे राष्ट्रीय स्तर पर यह निर्णय लिया गया कि वित्त विधेयक २०२५के द्वारा पेशनरो को आठवें वेतन आयोग की परिधि से बाहर रखने तथा १० सूत्रीय मांगों के साथ हस्ताक्षर याचिका पर विचार न करना, आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों के साथ हो रहे भेदभाव के लिए कोई न कोई कार्यक्रम चलाते रहने पर विचार किया गया। इसी क्रम में दिनांक २९ सितंबर २०२६ को २४ घंटे का धरना देश के हर राज्य के हर जनपद में करने तथा उसके उपरांत १२ दिसंबर २०२६ कों राम लीला मैदान नई दिल्ली में आल इंडिया की रैली जिसमें पेंशनर तथा कर्मचारी दोनों भागीदारी करेंगे। श्री पाण्डेय ने जनपद के समस्त पेंशनर/कर्मचारियों से आवाहन किया कि अपनी पेंशन व वजूद को बचाए रखने केलिए संघर्ष में भाग लेने के तैयार रहें। बैठक में सभी वक्ताओं द्वारा विचार रखते हुए सरकार की उदासीनता के प्रति आक्रोश ब्यक्त किया। आज ३ नए सदस्य सर्वप्रथम डॉ शिव शंकर यादव पूर्व संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, श्री मती कुसुम लता त्रिपाठी, श्री मती धर्मा देवी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महिला ने सदस्यता ग्रहण किया। मुख्य वक्ता भीमशंकर सिंह, के एन सिंह, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, अनिल कुमार यादव, डा एच बी सिंह, जै सिंह डॉ वी के श्रीवास्तव सुरेश त्रिपाठी, जगदम्बा यादव, रत्नेश पाण्डेय' के यन सिंह आदि ने सदन को , संबोधित किया।

कोरांव के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मे तहसीलदार को मिली तमाम खामिया

कोरांव, प्रयागराज। तहसील के (नगई का पूरा)में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय(नगई का पूरा) का निरीक्षण मंगलवार को तहसीलदार कोरांव रोशनी सोलंकी द्वारा किया गया। जिसमे व्यापक कमिया मिली।उनके निरीक्षण मे रसोई की नालियां बंद मिली। खाद्य सामग्री खुली मे पड़ी हुई थी। पानी निकास की उचित व्यवस्था नहीं थी। निरीछण मैं शौचालय बहुत गंदे मिले। कोई साफ सफाई नहीं थी। पीने का पानी, बिजली की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। सोलर पैनल खराब था। निमार्णाधीन हॉस्टल होने के कारण विद्यार्थियों के रहने की अभी उचित व्यवस्था नहीं है।कंप्यूटर टीचर ना होने के कारण कंप्यूटर लैब संचालित नहीं है, विद्यालय में आवश्यकतानुसार फर्नीचर की व्यवस्था भी नहीं थी। निरीक्षण में व्यापक कमिया पाई गई जिसको विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने को कहा गया।

विपक्षी बौखलाहट में छात्रों को आगे कर आंदोलन के जरिए सत्ता हासिल करने का रच रहे हैं कुचक्र : केशव मौर्य

मेजा के सिरखिड़ी स्थित एमबी पैलेस एंड रिजॉर्ट में आयोजित मेजा-कोरांव विधानसभा की संयुक्त कार्यकर्ता बैठक में गरजे यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा भाजपा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में किया है ऐतिहासिक विकास कार्य,कानून व्यवस्था हुई है मजबूत, लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र

अखंड भारत संदेश

डिप्टी सीएम का स्वागत करते इंद्रदेव शुक्ला

लाभार्थी महिलाओं को स्वीकृति पत्र वितरित करते डिप्टी सीएम

संबोधित करते डिप्टी सीएम

डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में उमड़ी क्षेत्र के लोगों की भीड़

मेजा। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को मेजा के सिरखिड़ी स्थित एमवी पैलेस एंड रिजॉर्ट में आयोजित मेजा एवं कोरांव विधानसभा की संयुक्त कार्यकर्ता बैठक व ग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव कान खोलकर सुन लें, महिलाओं को उनका अधिकार दिलाकर रहेंगे। जितना दम लगाना है लगा लें, महिला आरक्षण बिल लागू होकर रहेगा।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कार्यकताओं ने कार्यक्रम स्थल को खचाखच भर दिया है, उसी प्रकार आने वाले चुनाव में ईवीएम भी कमल के समर्थन से भरने का काम करेंगे। सरकार गरीबों के जीवन में खुशहाली लाने, महिलाओं को सशक्त बनाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा विकास के लिए सरकारी खजाना खोलने का कार्य कर रही है। श्री मौर्य ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में भ्रष्टाचार, गुंडाराज और परिवारवाद का बोलबाला था। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले की सरकारों में जनता के लिए भेजा गया धन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था, जबकि आज मोदी- योगी सरकार में योजनाओं का लाभ सीधे गरीब, किसान, मजदूर और जरूरतमंद तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि कमल का बटन दबाने का परिणाम है कि गरीबों को राशन, आवास, शौचालय, आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा जैसी सुविधाएं मिली हैं और प्रदेश से गुंडे माफिया भागने को मजबूर हुए हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले गरीबों की जमीनों पर कब्जे होते थे, लेकिन आज कानून का राज स्थापित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और बेटियां देर रात भी स्वयं को सुरक्षित महसूस करती हैं। उन्होंने हाल में जंतर मंतर पर हुए छात्र आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी दल सपा व कांग्रेस के लोग बौखलाहट में छात्रों को आगे कर आंदोलन के जरिये सत्ता हासिल करने का कुचक्र रहे हैं। कांग्रेस और सपा से जुड़े असामाजिक तत्वों ने छात्रों की आड़ लेकर हिंसा, तोड़फोड़, अराजकता और पत्थरबाजी कर प्रदेश को बदनाम करने का प्रयास किया ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। महिला आरक्षण को लेकर उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि जिन परिवारों के कई सदस्य सांसद हैं,वे नहीं चाहते कि गरीब,किसान,मजदूर और सामान्य वर्ग की महिलाएं संसद तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने उपमुख्यमंत्री गदा बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया और कार्यकताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक गांव और प्रत्येक बूथ तक पहुंचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर करछना विधायक पियूष रंजन निषाद, कोरांव विधायक राजमणि कोल तथा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर बंदेमातरम गायन से किया। अंत मे स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा डबल इंजन सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रशस्ति पत्र प्रतीकात्मक चाबियां वितरित कीं। साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरित करते हुए गोद भराई भी किया और नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि सरकार ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास₹ के मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप पांडेय ने किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश मौर्य, प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, योगेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, विनोद प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, राजेश्वरी तिवारी, अनिल मिश्रा, सुधाकर पांडेय, रत्नाकर सिंह पटेल, रामसुख कुशवाहा, सतीश विश्वकर्मा, सुभाष कन्नौजिया, कलेक्टर पांडेय, इन्द्रदेव शुक्ल 'राजू', गंगाप्रसाद मिश्रा, मुकेश कोल, अशोक सिंह, पप्पू गौतम, अमरेश तिवारी,राहुल मिश्रा तथा राजेश पाल आदि के अलावा दोनों मेजा और कोरांव विधानसभाओं से आए बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

भाजपा नेता राजू शुक्ला और राहुल मिश्रा ने मेजारोड में डिप्टी सीएम का किया स्वागत

मेजा। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के मेजा आगमन पर मेजारोड स्थित डीजीएस कार्यालय पर भाजपा नेता एवं जनसेवक इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया) के नेतृत्व में स्वागत एवं अभिनन्दन की भव्य तैयारियां की गई थी। इस दौरान भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला राजू भैया,भाजपा युवा मोर्चा के जिलामंत्री राहुल मिश्रा और क्षेत्र के कई अन्य वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने श्री मौर्य का गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यकर्ता बैठक में भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने डिप्टी सीएम को सौंपा मांग पत्र

अखंड भारत संदेश

कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम को आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपते भाजपा नेता योगेश शुक्ल

मेजा। उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मेजा विकास खंड के सिडखिड़ी गांव में आगमन पर पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने जनहित के मुद्दे पर आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जिसमें मेंजा के बंद हुये कताई मिल के खाली स्थान पर अविलम्ब नयी औद्योगिक इकाई स्थापित किया जाय और वह इकाई ऐसी हो जो स्थानीय युवाओं को अधिकतम रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सके, मेजा तहसील परिसर में ग्रामीण न्यायालय स्थापित होने से यहाँ के लोगों को बहुत सुविधा हो गई है इस ग्रामीण न्यायालय के लिये प्रस्तावित भवन का निर्माण तहसील परिसर के पास ही कराया जाये जिससे अधिवक्ता बन्धुओं तथा वादियों को सुविधा बनी रहे, माण्डा स्थित माण्डवी देवी पन्दिर, वाराही पाता मन्दिर, बोलन महादेव तथा सिधहकर पहहीं महादेव मन्दिर परिसर में जन सुविधाओं का विकास किया जाय, टोंस एवं बेलन नदियाँ गंगा की प्रमुख सहायक नदीं हैं। इन दोनों नदियों की स्वच्छता का ध्यान में रखते हुये इन दोनों नदियों के तटीय गाँवों का विशेष निरीक्षण कराते हुये आवश्यक शौचालयों तथा पक्के घाटों का निर्माण कराना,मेजारोड से कोहडार घाट के बीच कोई सरकारी चिकित्सालय नहीं हैं. अतः इसके मध्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराया जाना,माण्डा के टडहर गाँव के ऐतिहासिक तालाब को व्यवस्थित कराया जाय, यह तालाब जल संग्रह का एक बड़ा दाचा बनना,कोंराव क्षेत्र के पाल एरिया के लिये एक सिचाई योजना तैयार कराया जाना तथा मेजारोड हजारों यात्रियों के आने जाने का स्थान है, यहाँ पर एक सार्वजनिक शौचालय तथा यात्री विश्राम गृह का निर्माण कराया जाना शामिल है। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता योगेश शुक्ला ने इन सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य का ध्यान केंद्रित कराते हुए मांग पत्र सौंपा है।

शांडिल्य औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र चौका में प्रवेश प्रारंभ

जंघई। शांडिल्य औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र चौका, जंघई में राष्ट्रीय व्यवसायिक शिक्षा परिषद रोजगार एवं श्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित पाठ्यक्रम इलेक्ट्रीशियन और फिटर ट्रेड आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ है। दो वर्षीय पाठ्यक्रम में शासन द्वारा निर्धारित फीस प्रतिपूर्ति के साथ साथ सुविधाओं से परिपूर्ण कार्यशाला भी मौजूद है। यह जानकारी केंद्र के संचालक नमन त्रिपाठी ने दिया है।

बच्चों के उज्जवल भविष्य की मुख्य आधारशिला है शिक्षा : शिव प्रकाश पाठक

सर्व शिक्षा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से श्रीराम प्रताप इंटर कालेज सिरसा में जन जागरूकता संदेश कार्यक्रम आयोजित

मेजा। सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए श्रीराम प्रताप इंटर कालेज सिरसा में शिक्षा जागरूकता संदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव प्रकाश पाठक ने कहा कि एक भी बच्चा पढ़ाई से छूटना नहीं चाहिए। प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराकर उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने और शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मुख्य आधारशिला है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की मंशा है कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे और कोई भी बालक अथवा बालिका शिक्षा से वंचित न रहे और विद्यालय प्रशासन इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। प्रधानाचार्य श्री पाठक ने अभिभावकों का आह्वान किया और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र का निर्माण करता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से शिक्षा के इस अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने की अपील किया है।

माफिया अतीक अहमद की जमीन घोटाले का खुलासा, एक अरब 10 करोड़ की जमीन जब्त

प्रयागराज। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने प्रयागराज से जाते जाते भी माफिया एंड कम्पनी अतीक अहमद को एक बड़ी आर्थिक चोट दी है। पुलिस ने माफिया अतीक अहमद की कीमती जमीन को गैंगस्टर की धारा मे कुर्क किया है। ये सम्पत्ति अतीक और उसकी पत्नी की बेनामी सम्पत्ति थी। पुलिस ने माफिया अतीक अहममद की कुर्क जमीनों पर कुर्की का बोर्ड लगा दिया है। पुलिस के मुताबिक, अतीक अहमद की ये जमीनें अलग अलग कुल 30 आराजियों मे दर्ज हैं और मजदूरों के नाम पर खरीदी गई थीं। माफिया अतीक अहमद ने अपने गैंग के बल पर भिटी, गौसपुर कटौला, पीपल गांव, मौजा मंदरी, मे अलग अलग करीब 30 आराजियों मे दर्ज जमीनों पर कब्जा कर रखा था। खास बात ये है कि अतीक अहमद इन जमीनों को एक मजदूर मदन के नाम पर खरीदा था, ताकि जब इन जमीनों को बेचना हो तो वो मदन से रजिस्ट्री करा सके। ऐसे में आतीक गैंग का नाम कभी कानून की नजरों में नहीं आता। पुलिस कमिश्नर ने टीम बना कर अतीक गैंग की अवैध सम्पत्ति का पता लगवाया और फिर कुर्की की कार्यवाही की।

संभावित बाढ़ को लेकर डीएम ने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण, राहत केंद्रों की तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। गंगा और यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा के साथ संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों छोटा बघाड़ा, दारागंज और गंगानगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को राहत एवं बचाव संबंधी सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए कहा कि जलस्तर बढ़ने पर बाढ़ का इंतजार करने के बजाय पहले से चिन्हित राहत केंद्रों पर पहुंच जाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कंट्रोल रूम, संबंधित लेखपाल और अन्य विभागीय अधिकारियों के मोबाइल नंबर प्रमुख स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाकर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस बार बघाड़ा क्षेत्र में पूर्व में एनी बेसेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज के स्थान पर होली ट्रिनिटी स्कूल को बाढ़ राहत केंद्र बनाया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने चौपाल और जनजागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को नए राहत केंद्र की जानकारी देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को सभी बाढ़ राहत केंद्रों पर भोजन, पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय, चिकित्सा सुविधा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों को सक्रिय करने और वहां आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने बाढ़ के दौरान स्लूज गेट समय पर बंद करने, जल निकासी के लिए लगाए गए पंपों को हर समय चालू रखने तथा सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों की निगरानी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह, तहसीलदार सदर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

व्यापारियों की समस्याओं पर डीएम सख्त, जाम, अतिक्रमण और जर्जर तारों के जल्द समाधान के निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए सभी संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए। मंगलवार को संगम सभागार में आयोजित बैठक में व्यापारियों ने शहर की यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण, पार्किंग, सफाई, बिजली और पेयजल समेत कई समस्याएं उठाईं। बैठक में म्योर रोड स्थित एक निजी अस्पताल की संचालिका ने मेडिकल वेस्ट नियमित रूप से न उठाए जाने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम को सभी अस्पतालों से प्रतिदिन मेडिकल वेस्ट का उठान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुंडेरा चुंगी स्थित अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकान को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग भी बैठक में उठी। व्यापारियों ने बताया कि दुकान के आसपास शराबियों के जमावड़े और मारपीट की घटनाओं से क्षेत्र का माहौल प्रभावित होता है। जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग और नगर निगम को समन्वय बनाकर दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सोरांव तहसील के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी और एसीपी को व्यापारियों के साथ बैठक कर शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करने को कहा। वहीं पेयजल योजना के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश जल निगम को दिए गए।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों पर बनाए गए अवैध कटों का मामला भी उठा। जिलाधिकारी ने ऐसे सभी कट तत्काल बंद कराने और दोबारा अवैध कट बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा को देखते हुए हाईवे की सभी स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए गए। इलाहाबाद-प्रतापगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेहरा मोड़ के पास खुले नाले, चौक क्षेत्र में जर्जर और लटकते बिजली के तार तथा सिविल लाइंस व पत्रिका चौराहे पर लगने वाले जाम की शिकायतों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला व्यापार बंधु समिति के पदाधिकारी, विभिन्न व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि, जीएसटी विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

श्रृंगवेरपुर के क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

- श्रृंगवेरपुर धाम ब्लाक के नौ संकुल के प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं की लिखी प्रतिभा
- विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने परिषदीय विद्यालयों के बढ़ते कदम की सराहना की।

अखंड भारत संदेश

लालगोपालगंज। आईकेएम डिग्री कालेज आनापुर के खेल मैदान में मंगलवार को श्रृंगवेरपुरधाम ब्लाक स्तरीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्लाक की नौ न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पधाओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कंपोजिट विद्यालय पटना की महेर बानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना के उपरांत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़, गोला फेंक और चक्का फेंक की स्पधाएं आयोजित की गईं।

प्राथमिक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय पटना की महेर बानों का दबदबा रहा। महेर ने बालिका वर्ग की 50, 100 और 200 मीटर दौड़ में लगातार प्रथम स्थान हासिल कर प्रतियोगिता की सबसे सफल एथलीट बनीं। बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में सूबेदार का पूरा पश्चिम नारा के राज, 100 मीटर में भगवतीपुर के साहिल तथा 200 मीटर में पारथपुर भगदेवरा के शिवम ने बाजी मारी।

उधर, जूनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ में यूपीएस मेंडारा के सौरभ सोनी व बालिका वर्ग में फतेहपुर कायस्थान की सुनैना प्रथम रहीं। 200 मीटर में शिव यादव एवं नैंसी तथा 400 मीटर में गौरव सोनी और शगुन ने पहला स्थान पाया। चक्का फेंक स्पर्धा में सनी निर्मल जबकि गोला फेंक में गौरव सोनी और शुभि द्विवेदी विजेता बने।

खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) वीरेंद्र कुमार कनौजिया ने विधायक गुरु प्रसाद मौर्य को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। पूर्व एआरपी जय सिंह ने आईकेएम डिग्री कालेज के प्राचार्य शीतला प्रसाद मिश्र व इंटर कालेज के प्राचार्य अनूप श्रीवास्तव का स्वागत किया। प्रतियोगिता का संचालन मदन शुक्ला, प्रभाशंकर शर्मा एवं विनीत ने संयुक्त रूप से किया।

अंत में बीईओ वीरेंद्र कनौजिया ने सभी अतिथियों, शिक्षकों व खेल प्रेमियों का आभार जताया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राधे कृष्ण, बालेंद्र पांडे, राजेश शुक्ला, विनय तिवारी, इमरान कलीम, अजीत कुशवाहा, बालवीर, देवेंद्र, सुमन वर्मा, सोनी यादव, श्रद्धा सिन्हा, मीनाक्षी, अमित, उदय नारायण व अनिल पांडे सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पोषण अभियान की समीक्षा : डीएम ने दिए निर्देश, सैम बच्चों की निगरानी और उपचार में न हो लापरवाही

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मंगलवार को संगम सभागार में जिला पोषण एवं कन्वर्जेंस समिति की बैठक में पोषण योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को तय कार्ययोजना के अनुसार अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जुलाई से सितंबर तक चलने वाले 'संभव अभियान' को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों की पहचान, निगरानी और उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि ई-कवच पोर्टल पर सैम बच्चों का डेटा एएनएम और अस्पताल अधीक्षकों के स्तर से शत-प्रतिशत मैप कराया जाए। साथ ही वीएचएसएनडी सत्रों में उपचार के लिए आवश्यक सभी दवाएं उपलब्ध रहें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को एफआरएस की प्रगति पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत दर्ज कराने और नैफेड तथा एनआरएलएम के माध्यम से नई रेसिपी समय पर आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। टीएचआर वितरण में खराब एफआरएस प्रतिशत मिलने पर धनुपुर, हंडिया, कौंधियारा और चाका के बाल विकास परियोजना अधिकारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बताया गया कि 15 जून से 15 जुलाई 2026 तक चले विशेष अभियान के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रयागराज ने निर्धारित 4,237 लक्ष्य के मुकाबले 8,387 लाभार्थियों को जोड़कर 155 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। इस प्रदर्शन के साथ जनपद पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल से जुलाई तक 9,443 के लक्ष्य के सापेक्ष 11,522 लाभार्थियों को योजना से जोड़कर 122 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। इस पर जिलाधिकारी ने संतोष जताते हुए अधिकारियों की सराहना की।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पहले से स्वीकृत 200 और चालू वित्तीय वर्ष में स्वीकृत 72 शौचालयों का निर्माण अगस्त 2026 तक पूरा कराने के निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को 76 अस्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वीकृति दिलाकर निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के लिए कहा।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।

पिता की हत्या कर शव घर में दफनाने वाला गिरफ्तार

महेशगंज पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्रवाई, फरार आरोपी दबोचा

अखंड भारत संदेश

कुंडा। थाना महेशगंज पुलिस ने पिता की हत्या कर शव को घर के कमरे में दफनाने वाले फरार आरोपी पुत्र को सर्विलांस सेल की मदद से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान विजय द्विवेदी (35) निवासी ग्राम अठैसा के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, मृतक के बड़े बेटे ने 22 जुलाई को गुरुग्राम से पैतृक गांव पहुंचने पर पिता और छोटे भाई के लापता होने की जानकारी दी। अगले दिन घर का ताला खोलने पर कमरे में खुदाई के निशान और तेज दुर्गंध आने पर हत्या की आशंका जताई गई। सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।जांच के दौरान घर के कमरे में दफन शव बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और मंगलवार को थाना पट्टी क्षेत्र के महेवा मलकिया अंडरपास के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 15 जुलाई 2026 को पिता जगदीश द्विवेदी से विवाद हो गया था। झगड़े के दौरान उसने पिता की हत्या कर दी। घटना छिपाने के लिए शव को घर के कमरे में गड्ढा खोदकर दफना दिया और

अगले दिन घर में ताला लगाकर गुरुग्राम भाग गया। बाद में पत्नी से मिलने उसके मायके जाते समय पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय, क्षेत्राधिकारी सदर मनोज कुमार सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी संदीप तिवारी तथा महेशगंज पुलिस और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने की। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

युवती लापता, अज्ञात युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

पट्टी। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पीथापुर गांव से कपड़ा लेने निकली 18 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी युवती का पता न चलने पर मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीथापुर गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उसकी 18 वर्षीय बेटी कपड़ा लेने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।जांच के दौरान परिजनों को जानकारी मिली कि युवती एक मोबाइल नंबर पर किसी से लगातार बातचीत करती थी। इस आधार पर मां की तहरीर पर आसपुर देवसरा पुलिस ने मंगलवार को संबंधित मोबाइल नंबर धारक के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस का कहना है कि युवती की तलाश के साथ-साथ मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही युवती को सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

सावन की तैयारियों को लेकर राजा भइया ने की बैठक

बाबा हौदेश्वरनाथ धाम में श्रद्धालु सुविधा के लिए दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

कुंडा। पवित्र श्रावण मास में क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा हौदेश्वरनाथ धाम में एक माह तक लगने वाले मेले की तैयारियों को लेकर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने मंगलवार को राजभवन बेंती में बैठक की। बाबा हौदेश्वरनाथ धाम के मुख्य सेवक के रूप में उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। श्रावण माह में कुंडा व आसपास के जनपदों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान मंदिर परिसर एवं गंगा घाट पर भारी भीड़ रहती है। राजा भइया ने निर्देश दिए कि गंगा स्नान कर जल भरने वाले कांवरियों एवं श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था, परिसर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं को चाक-चैबंद रखने को कहा। महिलाओं के लिए वस्त्र बदलने हेतु सुरक्षित एवं सम्मानजनक व्यवस्था बनाने पर विशेष बल दिया। साथ ही गंगा में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नौका दल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और दर्शन-पूजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। सभी तैयारियां प्रशासन के समन्वय से समय रहते पूर्ण करने की बात कही गई।बैठक में बाबा हौदेश्वरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष देवदत्त मिश्रा, राजा भइया के प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष साके सिंह, उपाध्यक्ष ननके बिलोरा, ऑडिटर रमाकांत शुक्ला एडवोकेट, कोषाध्यक्ष मेला प्रबंधक जुगनू विश्वकर्मा, सचिव विनय ओझा, राजा भइया के निजी सचिव अजीत सिंह, वरिष्ठ सदस्य रोहित सिंह, राजेश मिश्रा, मुकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक मोना के प्रयास से किसान कल्याण केन्द्र की मिली सौगात

एक करोड़ इक्कीस लाख सतासी हजार की लागत से रायपुर भगदरा में बनेगा केन्द्र

अखंड भारत संदेश

लालगंज। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के संयुक्त प्रयास से रामपुरखास में किसान कल्याण केन्द्र की सौगात मिली है। खेती किसानी को लेकर कल्याण केंद्र के जरिए किसानो को अब क्षेत्र में विशेष सहूलियत मिल सकेगी। विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रस्ताव पर किसान कल्याण केन्द्र के निर्माण के लिए लालगंज के रायपुर भगदरा गांव का शासन द्वारा चयन किया गया है। प्रदेश के कृषि निदेशक डॉ0 पंकज त्रिपाठी की ओर से पन्द्रह जुलाई को निर्गत हुए परिपत्र में केंद्र के लिए एक करोड़ इक्कीस लाख सतासी हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके तहत शासन द्वारा निर्माण के

मद में पहली किश्त भी सतहत्तर लाख पचीस हजार अवमुक्त कर दी गयी है। किसान कल्याण केंद्र के जरिए क्षेत्रीय किसानो को बीज तथा कीटनाशक दवाएं व खेती के क्षेत्र में सुधार के प्रशिक्षण आदि की सहूलियत मिल सकेगी। यह जानकारी मंगलवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

वांछित गिरफ्तार, अपहृत युवती बरामद

प्रतापगढ़। पुलिस ने अपहरण के मुकदमें में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने अपहृत युवती की भी सकुशल बरामदगी की है। लीलापुर थाना के उप निरीक्षक दीपक यादव सोमवार को पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मुकदमें में वांछित चल रहे सूरज वर्मा पुत्र रामाश्रय वर्मा निवासी रूप का पुरवा को धर दबोचा। पुलिस ने अपहृत हुई युवती की भी सकुशल बरामदगी की। उप निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

आरोपी पर मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सरबाजपुर गांव निवासी बेनीमाधव पुत्र स्व0 रामसेवक पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस जुलाई की सुबह करीब नौ बजे उसका पुत्र सुनील कुमार पाण्डेय गालीगलौज करने लगा। आरोप है कि पीड़ित के विरोध करने पर सुनील ने मारपीट कर पिता को घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

कुंडा। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुंडा पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वांछित अभियुक्त राजन कुमार गौतम (27) पुत्र रामचंद्र निवासी धमैयापुर, थाना कुंडा को मुखबिर की सूचना पर ताजपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी कुंडा शिवनारायण वैस के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गोविन्द सिंह चैहान, कांस्टेबल उमाशंकर भारती एवं आरक्षी प्रतीक यादव शामिल रहे।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पति से सुरक्षा की गुहार, बच्चों को वापस दिलाने की मांग

पट्टी। कोतवाली क्षेत्र के असुढ़ी गांव की एक महिला ने अपने पति पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़िता ने दोनों बच्चों को वापस दिलाने तथा आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। आरोप है कि पति ने उसके दोनों बच्चों को अपने पास रख लिया है। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ फिर मारपीट की गई और धमकी दी गई।पीड़िता का कहना है कि पति की प्रताड़ना से वह काफी परेशान है। उसने कोतवाली पट्टी में तहरीर देकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने, दोनों बच्चों को वापस दिलाने तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

फॉर्म ऑनलाइन कराने निकली किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

पट्टी। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बिनैका गांव से फॉर्म ऑनलाइन कराने के लिए बाजार गई 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। बिनैका गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी करीब 17.5 वर्षीय बेटी रविवार दोपहर करीब 12 बजे फॉर्म ऑनलाइन कराने की बात कहकर घर से बाजार गई थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।महिला का आरोप है कि उसकी बेटी की एक युवक से फोन पर बातचीत होती थी, जिस पर परिवार ने पहले ही रोक-टोक लगा दी थी। आरोप है कि उक्त युवक आशीष उर्फ सिक्की बहला-फुसलाकर किशोरी को अपने साथ भगा ले गया।परिजनों की तहरीर पर आसपुर देवसरा पुलिस ने मंगलवार सुबह आरोपी आशीष उर्फ सिक्की के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार चैरसिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

नल पर पानी भरने गई महिला से छेड़छाड़, कार्रवाई की मांग

पट्टी। कोतवाली क्षेत्र के दाऊद तकिया गांव में नल पर पानी भरने गई एक महिला से कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गांव के ही एक युवक पर छेड़छाड़, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता (35) ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव का एक युवक काफी समय से उस पर बुरी नजर रखता है। आरोप है कि वह नल पर पानी भरने गई थी, तभी आरोपी वहां पहुंच गया और उसके साथ अशोभनीय हरकत करते हुए जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। महिला का कहना है कि शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया।पीड़िता ने कोतवाली पट्टी में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

शौच के लिए गई महिला से दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

पट्टी। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव की एक महिला ने पड़ोसी देवर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 23 जुलाई की रात वह घर के बगल स्थित शौचालय के लिए गई थी। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे पड़ोसी देवर ने उसका मुंह दबा दिया और उसे घर से कुछ दूरी पर एक पेड़ के नीचे ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया।महिला के अनुसार घटना के बाद उसने फोन पर अपने पति को पूरी जानकारी दी। उसका पति रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहता था। घर लौटने पर पति के साथ वह आसपुर देवसरा थाने पहुंची और आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राकेश कुमार चैरसिया ने मंगलवार दोपहर बताया कि मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में दर्ज बयान और विवेचना में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जल संरक्षण को लेकर शैक्षिक जागरूकता संगोष्ठी का हुआ आयोजन

लालगंज। विकासखण्ड के पूरे तिलकराम माडल प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को जल संरक्षण को लेकर शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अधिशाषी अभियंता गौरव प्रताप सिंह ने जल संरक्षण को अपरिहार्य आवश्यकता बताते हुए जल जीवन मिशन की योजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन को लेकर जागरूकता से जुड़ा शैक्षिक कार्यक्रम लोगों को पसन्द आया। विशिष्ट अतिथि सहायक अभियन्ता प्रशान्त, अवर अभियंता अमित सिंह, परियोजना प्रबंधक एस नागराजू ने भी जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण पर विचार रखे। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ प्रबन्धक अमित मिश्र, लेखाकार एम रवि तथा ब्लाक प्रभारी अरविन्द यादव ने कार्यक्रम के उददेश्य पर प्रकाश डाला। प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री विष्णु सिंह ने अतिथियों का स्वागत तथा प्रधानाध्यापिका गीता शुक्ला ने आभार प्रदर्शन किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरिजानंद ने कार्यक्रम का संयोजन किया। इस मौके पर रामकिशन सरोज, सुमन देवी, अंकित त्रिपाठी, विवेक यादव, मनोज यादव, दिनेश शर्मा आदि रहे।

दो देशी बम के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

कुंडा। पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुंडा पुलिस ने दो देशी बम के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले से लूट, चोरी, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस के अनुसार, थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान झारखंड मंदिर पुलिया, ग्राम शेखपुर के पास से रोहित सोनकर (30) निवासी सलेमपुर ददौरा, थाना कुंडा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से दो देशी बम बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी पर प्रतापगढ़ जनपद में लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम तथा विस्फोटक अधिनियम समेत कुल सात आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी कुंडा शिवनारायण वैस के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक अंकित सिंह तथा पुलिस टीम ने की।

मारपीट में दो लोग घायल

कुंडा। कोतवाली क्षेत्र के सरियावां गांव निवासी आलम शाह की 54 वर्षीय पत्नी रुबीना बानो को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। हथिगवां के बेती गांव निवासी सत्यप्रकाश की 34 वर्षीय पत्नी क्रांति देवी को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल का सीएचसी में इलाज कराया और आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज बुधवार को रामपुरखास के दौरे पर आयेगी। वह दिन में साढ़े ग्यारह बजे अगई मोड़ पर कार्यकताओं से मुलाकात करेंगी। अपरान्ह दो बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रावण माह को लेकर प्रबन्धों का अवलोकन करेगी। वहीं विधायक मोना नीमी, राजा का पुरवा, भोजपुर, रांकी, ननौती में लोगों से मुलाकात करेंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

शैक्षिक मूल्यों की मजबूती में प्रो0 गिरिजा शंकर का योगदान बहुमूल्य : एसडीएम

तहसील सभागार में समारोहपूर्वक मनाई गई प्रो0 शुक्ल की पुण्यतिथि

अखंड भारत संदेश

लालगंज। स्थानीय लालगंज तहसील स्थित सभागार मे मंगलवार को बहुगुणा पीजी कालेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष रहे प्रो0 गिरिजा शंकर शुक्ल की इक्कीसवीं पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गई। हिन्दी मित्र संघ एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के तत्वाधान में पुण्यतिथि कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम वाचस्पति सिंह एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी ने प्रो0 गिरिजा शंकर शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसडीएम वाचस्पति सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की आधारशिला रखने में अप्रतिम योगदान प्रदान किया करते

हैं। उन्होने कहा कि साहित्य एवं भाषा के संवर्धन में प्रो0 शुक्ल का योगदान नई पीढ़ी के ज्ञान वृद्धि में सदैव बहुमूल्य दिशा प्रदान करती रहेगी। हिन्दी मित्र संघ के संयोजक एवं प्रो0 शुक्ल के कनिष्ठ पुत्र ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रो0 शुक्ल के ज्येष्ठ पुत्र एवं लखनऊ विश्व विद्यालय के रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो0 डॉ0 ओमप्रकाश शुक्ल ने वर्चुअल संबोधन के जरिए अतिथियों एवं कार्यक्रम में शामिल लोगों का स्वागत किया। संघ के पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह एवं पूर्व महामंत्री संतोष पाण्डेय ने गिरिजा शंकर शुक्ल के शिक्षक के रूप में दिये गये योगदान को सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद खान ने किया। उपाध्यक्ष नामवर सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर लेखपाल संघ के मंत्री मो0 अकरम, पीएलवी निरंजन प्रकाश तिवारी, अधिवक्ता आशीष तिवारी, विनय शुक्ल, सुमित त्रिपाठी, शिवेन्द्र तिवारी, दिनेश सिंह, धर्मराज, केके तिवारी, शिव नारायण शुक्ल आदि रहे।

रंजिश में युवक को पीटा, चार पर केस

कुंडा। हथिगवां थाना क्षेत्र के मलाका रजाकपुर गांव निवासी मो. अकरम ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 26 जुलाई शाम करीब छह बजे वह चंपती बाजार में बच्चों के संग सामान लेने गया था। तभी पट्टे के तालाब में मछली मारने को लेकर हुए विवाद की रंजिश में कुछ लोग लाठी लेकर पहुंचे, उसे गालियां देते हुए मारा पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। पीड़ित मो. अकरम की तहरीर पर पुलिस ने राहुल कुमार, सोनू कुमार, सूरज कुमार, राजकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आरओ प्लांट का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिलेगी शुद्ध पेयजल सुविधा

पट्टी। विधानसभा पट्टी के अंतर्गत मंगरौरा ब्लॉक के वारिकला बाजार में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरओ प्लांट का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने आरओ प्लांट का शुभारंभ कर क्षेत्रवासियों को इसकी सौगात समर्पित की। बताया गया कि यह आरओ प्लांट ब्लॉक प्रमुख नंदन सिंह के सौजन्य से स्थापित कराया गया है। इसके शुरू होने से वारिकला सहित आसपास के ग्रामीणों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी नरायनपुर मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पार्टी की प्राथमिकता है। मंडल मंत्री एवं शक्ति केंद्र प्रभारी कंसापट्टी अमरजीत सरोज, मंडल महामंत्री गोविंद नाथ सरोज तथा मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। आरओ प्लांट के लोकार्पण के बाद क्षेत्रवासियों और ग्रामवासियों ने खुशी जताते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

सिपाही के घायल होने की घटना में बाइक चालक पर केस दर्ज

लालगंज। बाइक की टक्कर से सिपाही के घायल होने की घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के सिपाही प्रिन्स खरवार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस जुलाई को वह एसडीएम कोर्ट लालगंज में आरोपी की पेशी कार्य पूर्ण कराकर पीआरडी अरविंद वर्मा के साथ बाइक से वापस थाने लौट रहा था। पीड़ित सिपाही का आरोप है कि लालगंज कोतवाली के दौलत का पुरवा अमावां में लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए शाहरूख खान पुत्र महमूर निवासी दौलत का पुरवा ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में सिपाही गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। उसे इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले जाया गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि घायल सिपाही की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रेम विवाह करने वाली बालिका की संदिग्ध दशा में मौत

बालिका के गायब होने पर परिजनों ने पुलिस से की थी शिकायत लेकिन पुलिस ने करा दिया था प्रेम विवाह हो गई मौत, बालिका के प्रेमी और उसके परिजनों द्वारा दुपट्टे से फांसी लगाए जाने की बताई जा रही कहानी पर खड़े हैं सवाल

अखंड भारत संदेश

करारी कौशांबी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव की एक बालिका के गायब होने के बाद उसके परिवार के लोगों ने करारी थाना क्षेत्र के युवक पर अपहरण सहित गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया था लेकिन बालिका के बरामद होने के बाद आरोपी युवक को पुलिस ने जेल भेजने के बजाय दोनों पक्षों के बीच समझौता कराते हुए प्रेम विवाह करा दिया आरोपी युवक जेल जाने से वह बच गया लेकिन प्रेम विवाह के डेढ़ साल बाद ही बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में बालिका की मौत हो गई है बालिका के प्रेमी और उसके ससुराली जन लाल रंग के दुपट्टा से फांसी लगाए जाने की

कहानी बता रहे हैं दुपट्टे की लंबाई कम होने से यह बात लोगों को हजम नहीं हो रही है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका की मौत के बाद एक बार फिर प्रेम कहानी का दुखद अंत हो गया है

जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव की संगीता देवी उम्र 24 वर्ष को करारी थाना क्षेत्र के घमासीरा गांव का कामता लेकर फरार हो गया था मामला पुलिस की चौखट तक पहुंचा था पुलिस ने बालिका और युवक को बरामद कर लिया था उसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को जेल नहीं भेजा था बल्कि दोनों के बीच समझौता हो गया था और दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया था लेकिन शादी के लगभग डेढ़ साल बाद ही बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में प्रेम विवाह करने वाली बालिका संगीता की मौत हो गई है हालांकि उसके पति और ससुराल के लोग बता रहे हैं कि बालिका ने लाल रंग के दुपट्टा से फांसी लगाकर घर के अंदर आत्महत्या कर लिया है लाल रंग के दुपट्टा से फांसी लगाने की पुष्टि गांव के लोगों ने भी की है लेकिन जिस दुपट्टे से फांसी लगाए जाने की बात उसके ससुराल के लोग कर रहे हैं उस दुपट्टे की लंबाई कम है और कम लंबाई के कपड़े से आत्महत्या किया जाना संभव नहीं है जिससे बालिका की मौत पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं हालांकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बालिका के पति और देवर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जो सच्चाई होगी उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी लेकिन प्रेम विवाह का एक बार फिर दुखद अंत हो गया है

महीनों से खराब नलकूप के चलते किसानों के धान की रोपाई बाधित

कौशांबी मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ऊनौ गांव का सरकारी नलकूप संख्या एम एन 24 महीनों से खराब पड़ा हुआ है जिससे इलाके के सैकड़ो किसानों के सैकड़ो एकड़ खेत में धान की रोपाई नहीं हो रही है रोपड़ ना होने से सैकड़ो किसान परेशान हो गए हैं नलकूप विभाग के अधिकारियों की लापरवाही में चलते किसानों के खेत की सिंचाई भी बाधित है जिससे अन्य फसले भी प्रभावित हो रही है गांव के किसानों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन खराब नलकूप की मरम्मत करा कर उसे चालू करना तो दूर की बात कोई भी अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने नहीं पहुंचा है जिससे इलाके के सैकड़ो किसानों की धान की फसल की रोपाई पूरी तरह से बाधित है आसमान से पर्याप्त बरसात भी नहीं हो रही है कि किसान धान रोपण कर सके किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए खराब नलकूप की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग किया है जिससे किसानों के धान का रोपड़ समय से हो सके

युवक की हत्या के बाद कोतवाल और चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने कहा कानून व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कौशांबी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में युवक की हत्या के बाद कोतवाल और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया है जिससे पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है कार्यों में शिथिलता और शिकायतों पर ध्यान न देने पर पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने कार्रवाई करते हुए मंझनपुर कोतवाल सुनील कुमार सिंह और चौकी प्रभारी नारा सुशील शुक्ला को लाइन हाजिर कर दिया पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दोनों अधिकारियों की कार्यशैली और क्षेत्र में लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर एसपी ने यह सख्त कदम उठाया है एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून व्यवस्था और जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।लाइन हाजिर होने के बाद दोनों पदों पर अभी किसी को नया प्रभार नहीं सौंपा गया है। फिलहाल अतिरिक्त व्यवस्था के तहत काम कराया जा रहा है। एसपी की इस कार्रवाई के बाद जिले के अन्य थाना और चौकी प्रभारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

हत्या के दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कौशांबी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव में 26 जुलाई को लालचंद को दो सगे भाइयों ने लाठी डंडे से बेरहमी से पीट दिया था अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी लालचंद की हत्या करने वाले दोनों सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया है पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मंझनपुर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा हत्या के 02 वांछित अभियुक्तों वीरेंद्र कुमार सोनकर उर्फ छोटू वा मनोज कुमार सोनकर उर्फ बितानू पुत्र गण गुलाब सोनकर निवासी नारा को आला कत्ल डंडा के साथ उद्दीन मार्ग कमासिन मंदिर से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात हत्या के दोनों अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है

कच्चा मकान गिरने से मलवे में दब कर बच्ची की मौत

अखंड भारत संदेश

बच्ची की मौत के बाद एक बार फिर प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यों पर सवाल खड़े हो गए हैं

नेता विधायक मंत्री और जिम्मेदार अधिकारी प्रधानमंत्री आवास बांटने का मंच माइक से ढिंढोरा पीट रहे है

महेवा घाट कौशांबी मंझनपुर तहसील क्षेत्र के महेवा घाट थाना के अंतर्गत जमुनापुर गांव में सोमवार की रात्रि में मामूली बारिश के बाद कच्चा मकान जमीन डोज हो गया है जिससे मकान मालिक की छोटी बच्ची प्रिया निषाद उम्र 5 वर्ष पुत्री पंकज निषाद मकान के मलवा में दब गई है जिससे बच्ची के दर्दनाक मौत हो गई है बच्ची की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है मामले की जानकारी मिलते ही गांव के लोगों की भीड़ मौके पर लग गई और मकान के गिरे मलवे को हटा करके बच्ची को बाहर निकाला गया है और उसे डॉक्टर के पास ले गए लेकिन डॉक्टरों से मृतक घोषित कर दिया है मामूली बारिश में कच्चा मकान गिरने से बच्ची की मौत के बाद एक बार फिर प्रधानमंत्री आवास

योजना से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यों पर सवाल खड़े हो गए हैं प्रधानमंत्री आवास की सफलता को लेकर लगातार मीटिंग समीक्षाएं होती हैं प्रधानमंत्री आवास की चाबी नेता मंत्री मंच से वितरण करते हैं लेकिन गरीबों को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल पाता है यदि समय रहते गरीब कमजोर मजलूम परिवार को पीएम आवास का पक्का दो कमरा मिल गया होता तो मामूली बारिश में मकान भरभरा कर ना गिरता और मकान के मलवे में दबने से बच्ची की मौत ना होती गरीब कमजोर मजलूम और जरूरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल रहा है दलाल वा नेताओं की चापलूसी करने वाले और अफसरों की जेब गर्म करने वाले लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है जिससे गरीबों के कच्चे घर गिर रहे हैं उनकी मौतें हो रही है और सरकार से लेकर उनके नेता विधायक मंत्री और जिम्मेदार अधिकारी प्रधानमंत्री आवास बांटने का मंच माइक से ढिंढोरा पीट रहे है

बाइक से बाइक की हुई टक्कर एक की मौत दो गंभीर घायल

कौशांबी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दीवर कोतारी गांव के महाबली बाबा देवस्थान के पास सोमवार की देर रात्रि तेज रफ्तार दो बाइक सवार आमने-सामने टकरा गए हैं जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग और राहगीर घटनास्थल पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है दुर्घटना में घायल तीनों लोगों को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने एक युवक की मौत की पुष्टि कर दी है दो अन्य युवकों का अस्पताल में इलाज चल रहा है मामले की सूचना हादसे के शिकार लोगों के परिवार के लोगों को पुलिस ने दे दी है और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा गांव निवासी सोहनलाल सरोज पुत्र हीरालाल अपने साथी शंकर सरोज पुत्र मूलचंद के साथ सोमवार की देर रात्रि बाइक से दीवार कोतारी से वापस अपने गांव लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार महाबली बाबा देवस्थान के पास पहुंचे सामने से आ रहे बाइक सवार अमर सिंह पुत्र बचन यादव निवासी रक्सवारा थाना करारी की बाइक से दोनों बाइक की टक्कर हो गई है जिससे दोनों बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े हैं और दुर्घटना में घायल हो गए हैं दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीर और स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे के शिकार लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया है जहां डॉक्टरों ने सोहन सरोज उम्र 23 वर्ष को मृतक घोषित कर दिया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते घर परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं जिला अस्पताल में कोहराम मचा हुआ है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

लंबित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करें बैंकर्स : डीएम

जिला उद्योग बन्धु समिति एवं जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक

कौशांबी जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति,जिला श्रम बन्धु समिति एवं जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक संपन्न हुई।डीएम ने उद्यमियों व्यापारियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि विगत माह में निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 463 प्रकरण प्राप्त हुए,जिसमें 395 प्रकरण निस्तारित हो चुके हैं एवं 25 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लंबित हैं,जिसमें से श्रम विभाग-02, कृषि विभाग-18, खाद्य एवं औषधि-01, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड-03 एवं उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लि0 के-01 हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश दिए डीएम ने सी.एम. युवा योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों में लंबित ऋण आवेदनों की बैंकवार समीक्षा के दौरान ऋण आवेदन,बैंकों में लंबित पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी बैंकर्स को लंबित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका परिषद भरवारी के सिंधिया में सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण हटाकर सड़क व नाली निर्माण कराए जाने के प्रकरण पर टीम गठित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।बैठक में प्लेज पार्क के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद भरवारी व मंझनपुर के मध्य पड़ने वाली मार्ग, जो नियामतपुर से होते हुए सिराथू मंझनपुर मार्ग को जोड़ती है, के चैड़ीकरण के सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 ने बताया कि कार्ययोजना में सम्मिलित कर लिया गया है। मंडी समिति, ओसा में धर्मकांटा लगाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रभास गिरी प्रवेश द्वार पुनः बनाए जाने के प्रकरण पर बताया गया कि आगणन तैयार कर लिया गया है, शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा परसरा बस स्टॉप से बसों का संचालन कराए जाने के प्रकरण पर कहा कि ए.आर.एम. को पत्र प्रेषित किया जाए। नगर पंचायत सिराथू रेल ऊपरगामी सेतु के 100 मी0 पहले स्पीड का साइन बोर्ड एवं स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के प्रकरण पर अधिशासी अभियंता, लो0नि0वि0 को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण एवं रमेश अग्रहरि, प्रवेश केसरवानी विपिन केसरवानी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहें।

गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं महर्षि वेदव्यास का जन्मदिन



कौशांबी गुरु पूर्णिमा का पर्व इस साल 29 जुलाई आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जा रहा है इसे महर्षि वेदव्यास के जन्मदिवस व्यास पूर्णिमा के रूप में भी जाना जाता है।इस दिन स्नान, जप,तप,ध्यान और दान-पुण्य करने का विशेष महत्व है।महर्षि वेदव्यास हिन्दू धर्म के महान ऋषि,महाभारत के रचयिता और वेदों का विभाजन करने वाले त्रिकालदर्शी महापुरुष थे। उन्हें भगवान विष्णु का अंशावतार और चिरंजीवी माना जाता है। उनका जन्म आषाढ़ पूर्णिमा को हुआ था,जिसे 'गुरु पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है।महर्षि वेदव्यास महर्षि पराशर तथा सत्यवती के दिव्य पुत्र थे। उनका जन्म यमुना नदी के एक द्वीप पर हुआ था और वे भगवान विष्णु के कलावतार माने जाते हैं यमुना नदी के एक द्वीप पर उनका जन्म हुआ था,जिसके कारण वे द्वैपायन' कहलाए तथा उनका वर्ण श्याम (कृष्ण) था।द्वापर युग में उन्होंने वेदों का चार भागों ऋग्वेद,यजुर्वेद,सामवेद, अथर्ववेद में विभाजन किया, जिससे उनका नाम वेदव्यास प्रसिद्ध हुआ। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महर्षि वेदव्यास का जन्म लगभग 5,000 से 5,300 वर्ष पूर्व (लगभग 3000 ईसा पूर्व) द्वापर युग के अंत में आषाढ़ पूर्णिमा को हुआ था। महाभारत महाकाव्य,अष्टादश पुराण 18 पुराण और ब्रह्मसूत्र की महर्षि वेदव्यास ने रचना की।पैल, वैशम्पायन,जैमिनि, सुमन्तु और रोमहर्षण उनके प्रमुख शिष्य थे अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले गुरुओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व है।

डीएम के निरीक्षण में खेल मैदान और हाट बाजार मिले बंद

जजौली में खेल मैदान,बाजार हाट,आर.आर.सी.एवं अमृत सरोवर का डीएम ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

कौशांबी जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने ग्राम जजौली में मनरेगा के अंतर्गत निर्मित खेल का मैदान, बाजार हाट,आर.आर.सी. (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) एवं अमृत सरोवर का मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिलाधिकारी ने खेल का मैदान बंद पाए जाने तथा वहां साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न पाए पर नाराजगी प्रकट करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को खेल मैदान की साफ-सफाई कराकर उसे नियमित रूप से संचालित एवं जनसामान्य के उपयोग के लिए क्रियाशील कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बाजार हाट का निरीक्षण किया,जहां बाजार हाट का संचालन न होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए इसे शीघ्र क्रियाशील कराने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने आर.आर.सी. (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) के निरीक्षण के दौरान केन्द्र का संचालन न पाए जाने पर खण्ड विकास अधिकारी को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर आर.आर.सी. सेंटर को तत्काल क्रियाशील कराने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने अमृत सरोवर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए साफ-सफाई करवाने एवं समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए डीएम ने कहा कि शासन द्वारा जनहित में निर्मित सभी परिसंपत्तियों का उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।

डीएम ने साधन सहकारी समिति,टेवा का किया आकस्मिक निरीक्षण

कौशांबी जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने साधन सहकारी समिति, टेवा का मंगलवार को आकस्मिक निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता,वितरण व्यवस्था एवं किसानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव से समिति में उपलब्ध उर्वरकों के स्टॉक,आज किए गए खाद वितरण,अब तक लाभान्वित किसानों की संख्या तथा फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित रखी जाए,ताकि किसी भी किसान को खाद के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण रजिस्टर का अवलोकन कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए। उन्होंने समिति परिसर में उपस्थित किसानों से संवाद कर खाद वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी की, जिस पर किसानों ने बताया कि उन्हें खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है। निरीक्षण के दौरान गोदाम में गेहूं का भंडारण पाए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रभारी सचिव को निर्देशित किया कि गेहूं का शीघ्र उठान सुनिश्चित कराया जाए प्रभारी सचिव ने बताया कि साधन सहकारी समिति,टेवा में वर्तमान में 32.895 मीट्रिक टन यूरिया एवं 3.20 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है।

भगवान श्री राम के मंदिर से चढ़ावा चोरी करने वालों को ईश्वर दे सद्बुद्धि : कांग्रेस

अखंड भारत संदेश

कौशांबी नगर पंचायत चरवा के राम मंदिर पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया! इस मौके पर गौरव पाण्डेय ने कहा कि बीजेपी और संघ के संरक्षण में राम मन्दिर में चढ़ावे के लूट के खिलाफ यह सुन्दर काण्ड पाठ था भगवान श्री राम के मंदिर के चढ़ावा की चोरी करने वाले लोगों को ईश्वर सद्बुद्धि दे क्योंकि भाजपा पहले देश को खोखला करने में लगी थी जब उससे भी पेट नहीं भरा तो भगवान के साथ भी छल करना शुरू कर दिया ! ईश्वर के घर देर है अंधेर नहीं है । पूरे देश ने देखा कि कैसे अयोध्या राम मन्दिर चढ़ावा में चोरी हुई कैसे भाजपा ने असली गुनहगारों को सरंक्षित करने का प्रयास किया। जो कि सरासर गलत है भगवान को भी भाजपा ने धोखा देने का कार्य किया याद रहे जो भगवान राम का नहीं वो किसी का नहीं।कार्यक्रम में आचार्य भूपेंद्र शुक्ला,आचार्य रोहित पाण्डेय,रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय,उदय यादव,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,जयप्रकाश जायसवाल सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष सिराथू प्रियांशू त्रिपाठी,रमेश यादव,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय,नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी,हेमन्त रावत,सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा,व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश केसरवानी,अरुण सिंह,अभिषेक त्रिपाठी,राम जी सेन,आर्यन त्रिपाठी,अर्पित त्रिपाठी,उमेश कोरी राकेश पाल,अंकित विश्वकर्मा,सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अयोध्या चढ़ावा चोरी के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया सुन्दर काण्ड वा हनुमान चालीसा का पाठ

न्यूज झरोखा

रिश्तेदारी में गया 03 वर्ष का बच्चा हुआ लापता

करारी कौशांबी चरवा थाना क्षेत्र में रिश्तेदारी में गया 3 साल का एक बालक रिश्तेदारी से अचानक गायब हो गया है जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है जानकारी के मुताबिक आजाद नगर करारी निवासी अली हुसैन शाह उम्र 3 वर्ष पुत्र शाहनवाज शाह अपनी अम्मी व परिवार के अन्य लोगों के साथ 27 जुलाई को एक कार्यक्रम में चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सीरियांवा कला में रिश्तेदारी में गया था बालक घर से बाहर खेलने के लिए निकला एवं घर वापस नहीं आया अचानक रिश्तेदारी से बालक कैसे गायब हो गया है इसको लेकर परिवार और रिश्तेदार परेशान हो गए हैं परिजनों एवं अन्य रिश्तेदारों ने बालक की काफी खोजबीन करने के बाद थाना चरवा में बालक के गायब होने का प्रार्थना पत्र दिया है किंतु अभी तक बालक का कोई सुराग नहीं मिल सका है जिससे परिजनों एवं रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल है।

किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

कौशांबी भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण के नेतृत्व में मंगलवार को एकत्रित हुए सैकड़ो किसानों ने धरना प्रदर्शन करने के बाद किसानों की समस्याओं के समाधान से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से भेजा है जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण ने कहा कि फसलों की बढ़ती लागत और घटती आए से किसान परेशान है और आर्थिक संकट से जूझ रहा है अमेरिका डील को रद्द करने किसानों को कर्ज मुक्त करने स्वामीनाथन आयोग के अनुसार किसानों की उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी देने उज्ज्वला योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रत्येक वर्ष रसोई गैस के 8 सिलेंडर दिए जाने से संबंधित विभिन्न मांगो का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजते हुए किसानों के हित में कानून बनाए जाने की मांग की गई है इस मौके पर पुष्पराज सिंह योगेंद्र कुमार संध्या मौर्य लवकुश राम जी मौर्या मनीष सिंह संदीप कुमार देव मुनि सिंह रत्नेश सिंह धीरज सिंह राम प्रसाद सिंह अंगद सिंह करन सिंह लल्लू रवि कुमार संतोष कुमार सहित तमाम किसान धरना प्रदर्शन में शामिल हुए

जिलाधिकारी ने ईवीएम. व वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

कौशांबी भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने मंगलवार को ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया।डीएम ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने सी.सी.टी.वी. कक्ष का निरीक्षण एवं लॉगबुक का अवलोकन किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक के प्रभावी उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन

कौशांबी मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में रिमोट सेन्सिंग एप्ली केशन्स सेन्टर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अमित सिन्हा,नरेन्द्र कुमार एवं परियोजना वैज्ञानिक डा0 जय कुमार मिश्रा व अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर में विभिन्न परियोजनाओं में रिमोट सेन्सिंग एवं जी0आई0एस0 तकनीक का उपयोग करके जनपदवार तैयार किए गए डिजिटल डाटाबेस का प्रस्तुतीकरण किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा रिमोट सेन्सिंग,जी0आई0एस0 एवं जी0पी0एस0 तकनीक के बारे में बताया कि इस तकनीक का उपयोग कृषि,राजस्व,भू-संचय, जल संचय,प्राकृतिक आपदा,ग्राम्य विकास, पंचायती राज,सिंचाई विभाग,जल निगम, नलकूप,सड़क,वन आदि में किया जाता है एवं भुवन पोर्टल पर भी जाकर इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।इसके अतिरिक्त लिडार तकनीक के बारे में भी जानकारी दी गयी। प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल पीएमजीएसपी के माध्यम से विभिन्न विभागों के डाटाबेस के बारे में भी जानकारी दी गई।

चायल तहसील में अधिवक्ता और लेखपाल के बीच विवाद, मारपीट का आरोप

कौशांबी चायल तहसील परिसर में एक अधिवक्ता और लेखपाल के बीच मारपीट गाली-गलौज विवाद का मामला सामने आया है। मामले में लेखपाल राजेश्वर ने आरोप लगाया है कि अधिवक्ता प्रशांत मिश्रा उनके पास एक व्यक्ति का ईडब्ल्यूएस आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए आए थे। लेखपाल राजेश्वर के अनुसार, जिस व्यक्ति का ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र बनवाने का दबाव बनाया जा रहा था, वह ग्राम सुरसेनी का निवासी है, जबकि उनकी वर्तमान तैनाती ग्राम कटैया तहसील चायल के हल्के में है। उन्होंने अधिवक्ता को बताया कि सुरसेनी गांव उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता, इसलिए नियमानुसार वह उक्त प्रमाण-पत्र जारी नहीं कर सकते। आरोप है कि इसी बात को लेकर अधिवक्ता प्रशांत मिश्रा नाराज हो गए और लेखपाल पर दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की गई। घटना के बाद लेखपाल ने संबंधित अधिकारियों और पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इस मामले में अधिवक्ता प्रशांत मिश्रा का पक्ष सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में निष्कर्ष के अनुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

एक कुंटल मछली के साथ पकड़े गए बिहार के शिकारी

कौशांबी मंझनपुर तहसील क्षेत्र के डेढ़ावल गाव के यमुना नदी से रात को मारी गई मछली की सूचना पर मत्स्य अधिकारी सहायक निदेशक मत्स्य आर. के. श्रीवास्तव व दूसरे अधिकारी पी. के. शुक्ला ने मौके पर पहुँच कर एक कुंटल मछली को कब्जे मे ले कर पुलिस कार्यवाही प्रारम्भ कर दी बिहार से आए मछली पकड़ने वाले शिकारियों ने पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र से मछली ले जाने हेतु पिकअप वाहन मे 5 पेटी लगभग एक कुंतल बिना बर्फ.लगी छोटी वीड मछली लेकर जा रहे थे बिहार की पिकअप गाड़ी को मत्स्य विभाग के अधिकारी क्षेत्र प्रभारी पी. के. शुक्ला ने कब्जे में लेकर तत्काल पुलिस से कार्यवाही कराते हुए चालान करा दिया , उन्होंने बताया कि रात से ही मारी गई मछली पूरी तरह सड़ के बदबू के साथ खराब हो चुकी थी पूरी मछली जिसे कोई लेने को भी तैयार नही था,आबादी से दूर बाहर मछली को निस्तारित कराया गया और पकड़े गए लोगों को तथा क्षेत्रीय लोगों को भविष्य मे अब अवैधानिकता नहीं करने हेतु मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दिया 'मछलियों के प्रजनन काल में व मत्स्य सम्पदा को बढ़ाने हेतु ही नदियों जलाशयों मे 1 जून से 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध रहता है ' लेकिन उसके बाद भी मछली निकालने वाले लोग सक्रिय थे जिन पर विभाग में कार्यवाही कर दी है

धौलपुर को 177 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, मुख्यमंत्री बोले- विकास में नहीं रहने देंगे कोई कमी

अखंड भारत संदेश

धौलपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को धौलपुर जिले के राजाखेड़ा क्षेत्र की फूलपुर ग्राम पंचायत में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में करीब 177 करोड़ रुपये की लागत से 17 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के अनुरूप प्रदेश के हर वर्ग के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है और धौलपुर के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में धौलपुर जिले में करीब दो हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए हैं। सरकार जनता की समस्याओं को सुनकर प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 155 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण और 21 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सहायता दी जा रही है। फसल बीमा योजना का लाभ भी किसानों तक पहुंच रहा है और प्रदेश के 26 जिलों में दिन के समय कृषि बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। जल संकट के स्थायी समाधान के लिए विभिन्न सिंचाई और पेयजल परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। रोजगार के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ढाई वर्षों में 1.78 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। 1.32 लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है, जबकि 70 हजार से अधिक नए पदों पर भर्ती की तैयारी चल रही है। निजी क्षेत्र में भी करीब साढ़े चार लाख रोजगार के अवसर सृजित किए गए हैं। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। धौलपुर के लिए की कई नई घोषणाएं मुख्यमंत्री ने फूलपुर खेल मैदान के विकास, राजाखेड़ा में मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण, पार्वती नदी पर पुल, कृषि उपज मंडी के लिए भूमि आवंटन, रैहनावाली और लाठवाली माता मंदिरों के जीर्णोद्धार, सैंपऊ में नए आयुर्वेद औषधालय, पार्वती बांध से सैंपऊ तक नहर के किनारे जल निकासी व्यवस्था, बसेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार और सलेमपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में मनियां में 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, नए विद्युत उपकेंद्र, एफएसटीपी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, रामसागर मध्यम सिंचाई परियोजना के पुनर्निर्माण, एनिकट निर्माण तथा पुलिस थाना और पुलिस चौकियों सहित कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। वहीं सरमथुरा में पार्वती बांध के पुनर्निर्माण, जिला औषधि भंडार और उद्यानिकी विभाग के कार्यालय भवन निर्माण जैसी परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त नलिनी कठौतिया, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी., पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.एन. सोमनाथ, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार पर एंटी करप्शन का बड़ा वार 1 लाख की रिश्वत लेते वरिष्ठ लेखा परीक्षक गिरफ्तार, शिक्षा विभाग में हड़कंप

अखंड भारत संदेश

फतेहपुर। ऑडिट के नाम पर खुलेआम रिश्वत मांगने वाले एक वरिष्ठ लेखा परीक्षक को प्रयागराज एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को रंगे हाथ धर दबोचा। डीआईओएस कार्यालय के ठीक सामने ?1 लाख की रिश्वत लेते ही टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित ने शिकायत की थी कि आरोपी वरिष्ठ लेखा परीक्षक स्कूलों के ऑडिट से जुड़ा काम कराने के बदले ?1 लाख मांग रहा था। शिकायत मिलते ही एंटी करप्शन टीम ने पहले सत्यापन किया, फिर पूरे प्लान के साथ ट्रैप बिछाया। जैसे ही आरोपी ने तय जगह पर रिश्वत की रकम अपने हाथ में ली, टीम ने उसे घेर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। एंटी करप्शन टीम अब यह भी खंगाल रही है कि इस खेल में और कौन-कौन अधिकारी या कर्मचारी शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद फतेहपुर के शिक्षा विभाग और अन्य सरकारी दफ्तरों में हड़कंप मच गया है। फाइलें खंगाली जा रही हैं और कई अफसरों के फोन खामोश हो गए हैं। अधिकारियों का साफ कहना है: भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस है। कोई बचेगा नहीं। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत हुई यह गिरफ्तारी प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने की दिशा में बड़ा संदेश है। अब कोर्ट की प्रक्रिया और जांच के बाद ही पूरे रैकेट का खुलासा होगा। फिलहाल एंटी करप्शन के वरिष्ठ अधिकारियों के आधिकारिक बयान का इंतजार है।

फर्जी जमानत कराने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, 8 मुकदमों में इस्तेमाल किए कूट रचित दस्तावेज

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद में फर्जी और पेशेवर जमानतदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना थरियांव पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त सतीश चन्द्र उर्फ सतीश लोधी निवासी ग्राम हसवा, थाना थरियांव है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त कचहरी में मुंशीगिरी करता है और अवैध आर्थिक लाभ कमाने के लिए अपराधियों से मिलकर एक ही अचल संपत्ति और आधार कार्ड का बार-बार प्रयोग कर कूट रचित दस्तावेज तैयार करता था। इन्हीं फर्जी प्रपत्रों के आधार पर न्यायालय में कई गंभीर अपराधों के अभियुक्तों की जमानत कराई जाती थी, जिसके बाद आरोपी जमानत मिलने पर फरार हो जाते थे। मुखबिर की सूचना पर ग्राम हसवा से पकड़े गए सतीश की तलाशी में विभिन्न मुकदमों से संबंधित फर्जी जमानत प्रपत्रों की छायाप्रतियां और एक ही खतौनी व आधार कार्ड की प्रतियां बरामद हुईं। जांच में पता चला कि उसने जनपद के अलग-अलग थानों से जुड़े लगभग 8 मुकदमों में एक ही खतौनी का इस्तेमाल कर फर्जी जमानत कराई है। पूछताछ में उसने 7 से 8 अभियुक्तों की जमानत कराना स्वीकार किया है।थाना थरियांव पर मु0अ0सं0 189/2026 धारा 316/ 318(2)/ 227/ 323/ 338 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया।

सर्वोदय इंटर कॉलेज में अव्यवस्थाओं को लेकर छात्रों का प्रदर्शन, प्रशासन ने दिए समाधान के निर्देश

फतेहपुर। किशनपुर कस्बे के सर्वोदय इंटर कॉलेज में सोमवार सुबह अव्यवस्थाओं से नाराज छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही जिला विद्यालय निरीक्षक, एसडीएम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों से वार्ता की। छात्रों की प्रमुख मांगों में पेयजल के लिए आरओ की व्यवस्था, प्रत्येक कक्षा में पर्याप्त पंखे, एमडीएम मेन्यू के अनुसार भोजन, कक्षा 6 से 8 तक बेंच-डेस्क की सुविधा, शौचालय और खेल मैदान की साफ-सफाई और इंटर में विज्ञान विषय की मान्यता शामिल थी। अधिकारियों ने बताया कि खाने, शौचालय, पंखों और सफाई से जुड़ी 6 मांगों पर तुरंत कार्रवाई के लिए विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित कर दिया गया है और काम शुरू भी हो गया है। वहीं विज्ञान विषय की मान्यता के लिए प्रयोगशाला निर्माण के बाद नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।प्रशासन ने छात्रों को समझाकर शांत कराया। वार्ता के बाद सभी छात्र अपनी कक्षाओं में लौट गए और मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

जनसुनवाई में शिक्षा से लेकर बिजली तक के मुद्दे उठे

अखंड भारत संदेश

सरकारी शिक्षकों पर प्राइवेट कोचिंग चलाने का आरोप

शिवपुरी। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, बिजली और पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठीं। शिकायतकताओं ने विभिन्न मामलों में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। जनसुनवाई में सामाजिक संगठन क्षत्रिय फ्रीडम फाइटर्स एंड ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी नीरज वर्मा ने 11 सरकारी शिक्षकों के खिलाफ निजी कोचिंग संचालित करने की शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि शिक्षक विद्यार्थियों से छह से सात हजार रुपये तक फीस लेकर कोचिंग चलाते हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित कर छात्रों को कोचिंग लेने के लिए मजबूर किया जाता है। साथ ही कोचिंग नहीं करने वाले विद्यार्थियों को प्रायोगिक और वार्षिक परीक्षा में कम अंक देने की धमकी भी दी जाती है। शिकायत के समर्थन में वीडियो समेत अन्य साक्ष्य होने का दावा किया गया है। बदरवास क्षेत्र की आशा सुपरवाइजर रेखा परिहार ने स्थानांतरण आदेश लागू कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि पदस्थापना आदेश जारी होने के बावजूद अब तक उसका पालन नहीं किया गया है। सिरसौद थाना क्षेत्र के ग्राम खोईया निवासी किसान हरिचरण यादव ने शिकायत की कि कृषि केंद्र से खरीदी गई खरपतवार नाशक दवा के छिड़काव के बाद उनकी 25 बीघा सोयाबीन की फसल खराब हो गई। उन्होंने करीब चार लाख रुपये के नुकसान का दावा करते हुए जांच और मुआवजे की मांग की। ठकुरपुरा निवासी सोनेराम कोरी ने बिजली बिल जमा करने के बावजूद राशि दूसरे उपभोक्ता के खाते में दर्ज होने की शिकायत की। उन्होंने संबंधित कर्मचारी पर अभद्र व्यवहार का भी आरोप लगाया। वहीं, करैरा क्षेत्र के पारागढ़ गांव के ग्रामीणों ने गांव के पास संचालित स्टोन क्रशर से धूल, ब्लास्टिंग और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण फसलों व पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की शिकायत करते हुए इसे बंद कराने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम करेंगे। प्रशासन ने सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

किसानों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर आज प्रदेश भर में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान के निर्देश पर हर महीने की 28 तारीख को आयोजित होने वाली मासिक बैठक के तहत आज सभी जिला मुख्यालयों पर किसानों का यह बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। ?ज्ञापन के माध्यम से किसान संगठन ने भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील का कड़ा विरोध किया है। किसान नेताओं का साफ कहना है कि यदि अमेरिका से कृषि उत्पाद, बीज, फल, दूध और अन्य डेयरी प्रॉडक्ट्स भारत में आते हैं, तो इससे देश के स्थानीय किसानों की कमर टूट जाएगी। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आज देश में आलू महज 5 रुपये किलो बिक रहा है, जिससे किसान की अपनी लागत भी नहीं निकल पा रही है। ऐसे में यदि विदेशी उत्पाद बाजार में आ जाएंगे, तो आलू की कीमत गिरकर 2 रुपये किलो तक पहुंच जाएगी और भारतीय किसानों को पूछने वाला कोई नहीं रहेगा। इसके साथ ही, किसानों ने एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून की मांग को प्रमुखता से दोहराया। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है कि किसानों को उनकी उपज का लागत से दो गुना लाभकारी मूल्य मिलना चाहिए, जो आज तक किसानों को नहीं मिल सका है। ?कोल्ड स्टोरेज में आलू की गिरती कीमतों के कारण किसान भारी आर्थिक संकट में हैं। स्थिति यह है कि किसान धान की फसल के लिए सिंचाई, खाद और रोपाई तक का खर्च नहीं जुटा पा रहे हैं। किसान नेताओं ने सरकार से सवाल किया है कि ऐसी परिस्थितियों में किसान अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करेगा और बच्चों की पढ़ाई तथा दवाई का खर्च कैसे उठाएगा? किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का जल्द निस्तारण नहीं हुआ, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा।

दुकान खाली कराने को लेकर विवादः किरायेदार का आरोप- नशे की हालत में घुसकर सामान बाहर फेंका, सीसीटीवी में कैद घटना

अखंड भारत संदेश

शिवपुरी। शहर के कोर्ट रोड स्थित एक दुकान को खाली कराने को लेकर किरायेदार और दुकान मालिक के बीच विवाद का मामला सामने आया है। किरायेदार ने आरोप लगाया है कि दुकान मालिक सोमवार शाम कथित रूप से नशे की हालत में दुकान में घुस आया और दुकान में रखा सामान बाहर फेंक दिया। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड होने का दावा किया गया है। शिकायत के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने गैर-संज्ञेय रिपोर्ट (एनसीआर) दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुकान खाली कराने का बनाया जा रहा था दबाव

सईसपुरा निवासी नसीम अहमद ने बताया कि वह कोर्ट रोड स्थित स्वर्गीय नरेंद्र कुमार वर्मा की दुकान में फॉल-पीको का कार्य करते हैं। उनका आरोप है कि नरेंद्र कुमार वर्मा के निधन के बाद उनकी पत्नी कमला वर्मा और पुत्र दिव्यांश वर्मा लगातार दुकान खाली करने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनसे पहले की अपेक्षा अधिक किराया मांगा जा रहा था। इस संबंध में विवाद का मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।

न्यायालय में मामला लंबित, फिर भी पहुंचे दुकान

किरायेदार के अनुसार, मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद सोमवार शाम दिव्यांश वर्मा कथित रूप से नशे की हालत में दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने पहले दुकान के बाहर खड़े वाहन पर लात मारी, इसके बाद गाली-गलौज करते हुए दुकान के भीतर प्रवेश कर गए।दुकान का सामान बाहर फेंकने का आरोप नसीम अहमद का आरोप है कि दुकान के अंदर घुसने के बाद दिव्यांश वर्मा ने वहां रखा सामान बाहर फेंक दिया तथा उनके साथ मारपीट का भी प्रयास किया। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मां पर भी अभद्रता का आरोप : किरायेदार ने आरोप लगाया कि घटना के समय दिव्यांश वर्मा की मां कमला वर्मा भी मौके पर मौजूद थीं और उन्होंने भी गाली-गलौज की। नसीम अहमद का दावा है कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड हुआ है, जिससे घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

पुलिस ने दर्ज की एनसीआर : घटना के बाद नसीम अहमद ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में सीसीटीवी फुटेज, शिकायत और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज झरोखा

सर्वोदय इंटर कॉलेज की अव्यवस्थाओं पर गुलाबी गैंग का प्रदर्शन की चेतावनी, छात्रों के आंदोलन को दिया समर्थन

फतेहपुर। किशनपुर स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर छात्रों के आंदोलन को अब सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिलने लगा है। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता पटेल ने छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए प्रशासन से एक माह के भीतर सभी वादे पूरे करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि तय समय में व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं तो संगठन आंदोलन करेगा। हेमलता पटेल ने जारी बयान में कहा कि भीषण गर्मी में छात्र-छात्राओं का बिना पंखों के पढ़ाई करना, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का अभाव और जर्जर शौचालय जैसी समस्याएं गंभीर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों से अंकपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज देने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें भी सामने आई हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन और जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) द्वारा छात्रों को दिए गए लिखित आश्वासन का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक कक्षा में चार-चार पंखे, आरओ वाटर कूलर और एक माह के भीतर नई बेंच-डेस्क उपलब्ध कराने के वादे समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। संगठन इन कार्यों की निगरानी करेगा। हेमलता पटेल ने कहा कि प्रशासन केवल एक विद्यालय तक सीमित न रहे, बल्कि जिले के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधार कराए। उनका कहना था कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलना चाहिए, ताकि उन्हें अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए आंदोलन करने को मजबूर न होना पड़े।उन्होंने अभिभावकों को भरोसा दिलाया कि छात्रों के हितों और बेटियों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर संगठन आगे भी आवाज उठाता रहेगा।

राज्य महिला आयोग सदस्य की जनसुनवाई 05 शिकायतों में 01 का मौके पर निस्तारण

फतेहपुर। राज्य महिला आयोग सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया, शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए उनका समय से निस्तारण के निर्देश दिए।सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों तथा महिला सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित विभिन्न कानूनों एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।राज्य महिला आयोग सदस्य ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक शत-प्रतिशत पहुंचाया जाए। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाने पर विशेष बल दिया।इस अवसर पर नायब तहसीलदार सदर, महिला थानाध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

संत रविदास जयंती पर भाजपा चलाएगी पांच चरणों में जनजागरण अभियान

29 जुलाई को 23 मंडलों के शक्ति केंद्रों पर होगा दीप प्रज्ज्वलन, 20 फरवरी 2027 तक चलेंगे विविध कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश दीक्षित उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता प्रसून तिवारी ने किया। कार्यशाला के संयोजक राम सजीवन कोरी एवं सह-संयोजक पंकज त्रिपाठी, धर्मेन्द्र सिंह तथा राज बहादुर पासवान रहे। मुख्य अतिथि अखिलेश दीक्षित ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता एवं मानवता का अनुपम उदाहरण है। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संत रविदास जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगी। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने बताया कि संत रविदास जी की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर पार्टी द्वारा जनपद में पांच चरणों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2027 तक चलेंगे। अभियान के प्रथम चरण में 29 जुलाई को जनपद के सभी 23 मंडलों के शक्ति केंद्रों पर स्थित मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी चरणों में कलश यात्रा, संत सम्मान समारोह, निबंध प्रतियोगिता, सेवा बस्तियों में गोष्ठियां, छात्रावास संपर्क अभियान, सामाजिक समरसता कार्यक्रम, जनजागरण अभियान, संत रविदास जी के जीवन एवं विचारों पर परिचर्चाएं तथा समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संत रविदास जी के समरसता और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राम सजीवन कोरी ने कहा कि संत रविदास जी के विचार सामाजिक एकता और मानव कल्याण के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग तक संत रविदास जी के संदेश को पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी, सुशीला मौर्य एवं पुष्पराज पटेल, जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, मधुराज विश्वकर्मा, कुलदीप भदौरिया, जिला मंत्री सुधीर मिश्र एवं रेखा सरोज, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, सुमित द्विवेदी, मंडल अध्यक्षों सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नशे के खिलाफ शिवपुरी पुलिस की बड़ी मुहिम : युवाओं को बचाने के लिए बनाई प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री फिल्म

शिवपुरी। आज का युवा देश का भविष्य है, लेकिन यही भविष्य नशे की गिरफ्त में आकर अपना वर्तमान और आने वाला कल दोनों बर्बाद कर रहा है। इसी गंभीर सामाजिक चुनौती को देखते हुए शिवपुरी कोतवाली पुलिस ने युवाओं को जागरूक करने की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायी पहल की है। कोतवाली थाना प्रभारी रोहित दुबे के नेतृत्व में तैयार की गई 'नशे से दूरी है जरूरी' डॉक्यूमेंट्री फिल्म समाज को यह संदेश देती है कि नशे की शुरूआत अक्सर शौक, दोस्ती या जिज्ञासा से होती है, लेकिन धीरे-धीरे यही आदत इंसान को परिवार, करियर और सम्मान से दूर कर देती है। इस जनजागरूकता अभियान में शहर के युवा पत्रकार राहुल जैन 'रूद्र', लक्ष्मण रावत और शालू गोस्वामी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। फिल्म के माध्यम से बेहद प्रभावशाली ढंग से दिखाया गया है कि कैसे एक युवा नशे की गिरफ्त में फंसकर अपराध, मानसिक तनाव और सामाजिक तिरस्कार की ओर बढ़ता है। वहीं यह भी दशार्या गया है कि यदि समय रहते व्यक्ति जागरूक हो जाए, परिवार उसका साथ दे और समाज उसे सही राह दिखाए तो वह नशे की लत से बाहर निकलकर फिर से सम्मानजनक जीवन जी सकता है। कोतवाली थाना प्रभारी रोहित दुबे का कहना है कि पुलिस की वर्दी केवल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा दिखाने की जिम्मेदारी भी निभाती है। उनका स्पष्ट संदेश है कि "हमारा लक्ष्य केवल नशा बेचने वालों को पकड़ना नहीं, बल्कि युवाओं को नशे की दलदल में जाने से पहले ही रोकना है। टीआई रोहित दुबे ने कहा कि कोतवाली पुलिस का संकल्प है कि शिवपुरी शहर को ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थों के कारोबार से मुक्त किया जाए। इसके लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, लेकिन इस लड़ाई को जीतने के लिए समाज की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी ड्रग्स, स्मैक, गांजा, नशीली गोलियों या अन्य मादक पदार्थों की बिक्री अथवा सेवन की जानकारी मिले तो बिना संकोच पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उनका कहना है कि जब पुलिस और जनता एक साथ खड़े होंगे, तभी शिवपुरी को वास्तव में नशा मुक्त बनाया जा सकेगा। डॉक्यूमेंट्री का सबसे बड़ा संदेश युवाओं के लिए है कि नशा कभी फैशन नहीं होता, यह धीरे-धीरे जिंदगी पर कब्जा कर लेता है। शुरूआत में जो चीज कुछ पल का आनंद देती दिखाई देती है, वही आगे चलकर परिवार की खुशियां, माता-पिता का विश्वास, शिक्षा, रोजगार और भविष्य सब कुछ छीन लेती है। इसलिए किसी भी तरह के नशे से दूरी बनाकर रखना ही सबसे बड़ी समझदारी है। शिवपुरी कोतवाली पुलिस की यह पहल केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि युवाओं के लिए एक सामाजिक संदेश और चेतावनी है।

विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की कमिश्नर ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त एवं जनपद के नोडल अधिकारी अजीत कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में कानून व्यवस्था और शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयुक्त ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, 15वें वित्त आयोग, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम मत्स्य संपदा योजना, पोषण अभियान, दिव्यांगजन पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार और सेतु व सड़क निर्माण समेत विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बागवानी मिशन में उन्होंने ह्यपर ड्रॉप मोर क्रॉपह्न योजना के तहत किसानों के क्लस्टर बनाकर लाभ देने और पीएम किसान सम्मान निधि के लंबित आवेदनों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उर्वरक की समीक्षा में उन्होंने साफ कहा कि जनपद में किसी हाल में खाद की कमी न हो और सभी केंद्रों पर स्टॉक बोर्ड, दर और टोकन व्यवस्था अनिवार्य रूप से लागू हो।

विद्युत विभाग को खराब ट्रांसफार्मर तत्काल बदलने, बिलिंग और मीटर रीडिंग में सुधार तथा जर्जर तारों के प्रतिस्थापन के आदेश दिए गए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निराश्रित गोवंशों का शत-प्रतिशत संरक्षण, टीकाकरण और गौशालाओं में सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्पष्ट किया कि कोई भी अन्ना गौवंश सड़कों पर दिखाई नहीं देना चाहिए। पर्यटन विभाग को इको पार्क, राम वाटिका और मड़फा के कार्यों में तेजी लाने को कहा। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने तथा भूमि विवादों का राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम से मौके पर समाधान करने के आदेश दिए गए। आयुक्त ने जिला पंचायत राज अधिकारी और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रावण मास के दृष्टिगत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। सभी शिव मंदिरों, रामघाट और कामदगिरि परिक्रमा मार्ग समेत प्रमुख धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाएं समय से सुनिश्चित की जाएं।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बैठक में बताया कि गुरु पूर्णिमा और श्रावण मास मेले के मद्देनजर जनपद के सभी प्रमुख शिव मंदिरों, विशेषकर छह अधिक भीड़ वाले मंदिरों पर व्यापक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की गई है। साथ ही रामघाट पर विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। मंदाकिनी नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। कांवड़ यात्रा के लिए पार्किंग, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित कर ली गई है।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने आश्वस्त किया कि दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त अरविंद कुमार, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) चंद्रशेखर, एडीएम (नमामि गंगे) स्वप्निल कुमार यादव, सीएमओ डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा डीएन पाण्डेय, डीडीओ सत्यराम यादव, एसडीएम कर्वी अजय कुमार यादव सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला कौशल समिति की बैठक

चित्रकूट। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार सोनेपुर में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण सेक्टरों के चयन और लक्ष्य निर्धारण पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने बताया कि जिला कौशल विकास योजना के तहत जिले की जरूरत के अनुसार सेक्टर तय किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजना में स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप नए कोर्स जोड़े जाएं। साथ ही एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने प्रशिक्षण में अपैरल, इलेक्ट्रीशियन, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, प्लंबर, हेल्थकेयर, आईटी-आईटीईएस, हैंडीक्राफ्ट एंड कारपेट, एग्रीकल्चर, ब्यूटी एंड वेलनेस, ग्रीन जॉब्स और कंस्ट्रक्शन जैसे ट्रेड शामिल करने पर जोर दिया, ताकि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को चित्रकूट और आसपास ही रोजगार के अवसर मिल सकें। बैठक में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई और आगामी माहों में यह बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उद्योग बंधु सदस्य पंकज अग्रवाल, आरसेटी निदेशक, पॉलीटेक्निक और आईटीआई के प्रधानाचार्य, यूपीएसडीएम के एमआईएस मैनेजर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बाढ़ सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत श्रद्धालुओं व दुकानदारों को किया आगाह

चित्रकूट। जनपद में बाढ़ प्रबंधन और जनसुरक्षा के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) चन्द्रशेखर की अध्यक्षता में मंगलवार को रामघाट पर श्रद्धालुओं और दुकानदारों के बीच जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नागरिक सुरक्षा के वॉलंटियरों और आपदा मित्रों के सहयोग से बाढ़ सुरक्षा संबंधी पोस्टर वितरित कर श्रद्धालुओं व स्थानीय दुकानदारों को जागरूक किया गया। सभी से अपील की गई कि वे नदी के गहरे पानी या तेज बहाव वाले क्षेत्रों में स्नान न करें और किसी भी तरह की लापरवाही से बचें। अभियान में बाढ़ आने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। दुकानदारों से अनुरोध किया गया कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी सावधानियों के प्रति जागरूक करें, स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करें। बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल जिला आपदा नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) से संपर्क करें, ताकि समय रहते सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

अवैध प्लाटिंग पर विकास प्राधिकरण ने चलवाया बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को अहमदगंज कर्वी में बिना स्वीकृत ले-आउट के विकसित की जा रही दो अवैध प्लाटिंगों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की टीम ने 25 हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कराया।

प्राधिकरण के अनुसार जिला मुख्यालय से सटे अहमदगंज में आशाराम, रामगोपाल सहित अन्य द्वारा लगभग 10,037 वर्गमीटर तथा सलीम, जैबुननिशा और रेश्माबानो द्वारा करीब 15 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में बिना अनुमति प्लाटिंग की जा रही थी। दोनों मामलों में पहले कारण बताओ नोटिस जारी कर विकास कार्य रोकने और पक्ष रखने का अवसर दिया गया था। संतोषजनक जवाब न मिलने पर ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए थे, जिसके अनुपालन में मंगलवार को कार्रवाई की गई। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सीमा में किसी भी प्रकार की प्लाटिंग या निर्माण कार्य मानचित्र और ले-आउट स्वीकृत कराए बिना नहीं किया जा सकता। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। बताया कि अब तक जिले में 10 अवैध प्लाटिंगों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण आदेश जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से दो पर मंगलवार को कार्रवाई पूरी कर ली गई। अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान मजिस्ट्रेट हिमांशु द्विवेदी, सीतापुर चैकी प्रभारी तथा प्राधिकरण के सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार निवासी अतर्रा छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द्र कुरील ने अवैध प्लाटिंग के सम्बन्ध में प्रशासन से कार्रवाई की मांग की थी। इस सम्बन्ध में समाचार पत्र में सूचना भी प्रकाशित की गई थी, जिसे संज्ञान में लेकर प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई को संतोषजनक बताते हुए शेष बचे भूमाफियाओं पर भी कार्रवाई की मांग की है।

हृदयाघात से शिक्षक का निधन, शोक की लहर

चित्रकूट। कंपोजिट विद्यालय कैलहा में कार्यरत शिक्षक रामनरेश का हृदयाघात से निधन हो गया। वे सेहरिन मड़ैयन के प्रतिष्ठित शिक्षक थे। परिजनों ने बताया कि घर से विद्यालय के लिए निकलने के दौरान सीने में तेज दर्द उठने पर जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया। करीब 20 वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षक के निधन पर शिक्षक, छात्र और अभिभावकों ने शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने किया जनपद का अध्ययन भ्रमण

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश प्रशासनिक सेवा (यूपीपीसीएस) के वर्ष 2023 और 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को जनपद के अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद के विकास मॉडल और सुशासन की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। प्रशिक्षु अधिकारियों ने सबसे पहले भगवान कामतानाथ की परिक्रमा की। इसके बाद दीनदयाल शोध संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण कर ग्राम स्वावलंबन, समग्र ग्रामीण विकास और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के मॉडल का अध्ययन किया। इस क्रम में उन्होंने राम दर्शन परिसर का भी भ्रमण किया। इसके बाद जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ संवाद कर जनपद की भौगोलिक, सामाजिक और प्रशासनिक विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी तथा उनके विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों और उनके प्रोत्साहन से जुड़े पहलुओं की जानकारी भी साझा की। जिलाधिकारी ने विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कृषि आधारित समृद्धि, सुशासन और जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर अपने प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं व्यावहारिक अनुभव प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ साझा किए।

राजापुर एसडीएम को ईओ का अतिरिक्त प्रभार

चित्रकूट। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा शासन को उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव के क्रम में शासन ने नगर पंचायत राजापुर के अधिशासी अधिकारी (ईओ) के पद पर नियमित तैनाती होने तक उपजिलाधिकारी राजापुर पूजा गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके तहत अब एसडीएम पूजा गुप्ता अपने पदीय दायित्वों के साथ-साथ नगर पंचायत राजापुर के कार्यों के संपादन के लिए संबद्ध/अधिकृत की गई हैं। हालांकि, इस अतिरिक्त कार्य के लिए उन्हें कोई अलग वेतन या भत्ता देय नहीं होगा।

बांदा रोजगार मेले में 115 युवाओं का चयन, 170 अभ्यर्थियों ने लिया भाग

प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए किए साक्षात्कार

बांदा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, बांदा द्वारा मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। निदेशक, सेवायोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस मेले में प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया।

रोजगार मेले में आमधन-ई प्राइवेट लिमिटेड, ब्राइट फ्यूचर प्राइवेट लिमिटेड तथा द इंडिया थर्मिट लिमिटेड सहित विभिन्न कंपनियों ने युवाओं के साक्षात्कार लिए। मेले में करीब 170 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कंपनियों ने अभ्यर्थियों की योग्यता एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की, जिसमें 115 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।

मेले में शामिल युवाओं ने इसे रोजगार प्राप्त करने का प्रभावी मंच बताते हुए सेवायोजन विभाग की पहल की सराहना की। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि ऐसे रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा बेरोजगारी कम करने में सहयोग करना है।

रोजगार मेले का सफल संचालन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, बांदा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक सेवायोजन वकील अहमद अंसारी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

व्यापारी संग संवाद कर दी समय से रिटर्न दाखिल करने की सलाह

चित्रकूट। मंगलवार को जनपद के रेडीमेड व्यापारियों के साथ व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों की समस्याएं सुनी गईं और उनका मौके पर ही समाधान कराया गया। संवाद के दौरान व्यापारियों को समय से जीएसटी रिटर्न दाखिल करने और टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना, पंजीयन प्रक्रिया और रिटर्न दाखिले के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि नियमानुसार रिटर्न दाखिल करने से व्यापारियों को न केवल कानूनी परेशानी से बचाव होगा, बल्कि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। कार्यक्रम में उपायुक्त राज्य कर विक्रम अजीत, राज्य कर अधिकारी प्रमोद कुमार, व्यापारी विवेक अश्विनी, रमेश कुमार, महिपाल सिंह, सुधीर कुमार, महेश प्रताप आदि मौजूद रहे।

भाजपा संत रविदास की जयंती पर शुरू करेगी समरसता संकल्प अभियान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भारतीय जनता पार्टी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर ह्यसमरसता संकल्प अभियानह्न शुरू करने का निर्णय लिया है। इसे लेकर मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई।

जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने बताया कि गुरु रविदास का संदेश समानता और भाईचारे का है। यह अभियान गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि वेदव्यास जयंती के अवसर पर 29 जुलाई से 29 फरवरी तक चलेगा। 29 जुलाई को सुबह सभी पदाधिकारी मठ-मंदिरों में संतों का स्वागत-सम्मान करेंगे। शाम को प्रत्येक मंदिर में गुरु रविदास के चित्र पर पूजन कर 65 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। अभियान के तहत संत शिरोमणि गुरु रविदास की जन्मस्थली की पावन मिट्टी युक्त कलश का विधिवत वितरण होगा। इसी क्रम में चित्रकूट से अभियान के संयोजक जिला उपाध्यक्ष सुशील वर्मा और सह संयोजक-सोशल मीडिया प्रभारी आशीष रघुवंशी को कलश लाने के लिए बनारस रवाना किया गया। कलश जिले में आने के बाद प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर जिला टोलियों को विधिवत वितरित किए जाएंगे।

पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि स्थानीय मंदिरों में संत-महात्माओं की उपस्थिति में कलश पूजन, सामूहिक आरती, गुरु वाणी पाठ और भजन-कीर्तन होंगे। समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से समरसता संकल्प, संत सम्मान, प्रसाद वितरण के कार्यक्रम भी होंगे। बैठक का संचालन विपुल प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, पंकज अग्रवाल, अंजू वर्मा, ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, दिव्या त्रिपाठी, हीरो मिश्रा, मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, गौरव करवरिया, श्रीकांत पांडे, प्रमोद पटेल, राजा मिश्रा, रवि गुप्ता, संजय पांडे, माया प्रजापति, अर्चना सिंह, प्रेमलाल वाल्मीकि, शंकर निषाद, आवेश मिश्रा, मोहित मिश्रा और दीपक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

एसडीएम कॉलोनी और शास्त्री नगर में गंदगी से लोग परेशान

चित्रकूट। शहर की वीवीआईपी मानी जाने वाली एसडीएम कॉलोनी और शास्त्री नगर में सफाई व्यवस्था बदहाल है। सामाजिक पर्यावरण चिंतक सर्वेश यादव ने आरोप लगाया कि बाल सुधार गृह, किशोर न्यायालय और चाइल्ड केयर सेंटर जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे कूड़े के ढेर लगे हैं और नालियां बजबजा रही हैं। उनका कहना है कि सफाईकर्मी सप्ताह में केवल दो दिन औपचारिक सफाई करता है, जिससे लोगों को दुर्गंध के बीच आवागमन करना पड़ रहा है। मोहल्ले के कमलाकांत द्विवेदी, विष्णु खरे, गणेश मिश्र, नीलोत्पल वर्मा, छोटू तिवारी, योगेंद्र यादव और सुनील पटेल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

योगी सरकार ने तोड़ी पुरुष प्रधानता की दीवार, परिवहन विभाग में 'आधी आबादी' को बनाया आत्मनिर्भर

बांदा डिपो में सबसे ज्यादा 103 बेटियां संभाल रही हैं मोर्चा, दिल्ली-लखनऊ तक भर रहीं उड़ान

बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता की दिशा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है। कभी पूरी तरह पुरुष प्रधान माना जाने वाला परिवहन विभाग अब सूबे की बेटियों की आत्मनिर्भरता का नया गवाह बन रहा है। योगी सरकार की दूरदर्शी नीतियों के चलते चित्रकूट मंडल के सभी डिपो में 280 महिला परिचालक (कंडक्टर) रोजाना हजारों यात्रियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ उनके गंतव्य तक पहुंचा रही हैं।

चित्रकूट मंडल में 280 महिला परिचालकों के हाथों में सुरक्षित सफर की कमान

बांदा डिपो में सबसे अधिक 103 बेटियां तैनात

इस मुहिम में बांदा जिला सबसे आगे नजर आ रहा है। मंडल के विभिन्न डिपो में महिला शक्ति की तैनाती के आंकड़े सरकार के प्रयासों की सफलता को साफ बयां करते हैं। चित्रकूट मंडल के बांदा डिपो में जहां 103 महिला परिचालक पुरुष प्रधान माने जाने वाले इस चुनौती पूर्ण कार्य को सहजता से कर रही हैं तो वही हमीरपुर डिपो में 24, राठ डिपों में 69, चित्रकूट डिपो में 18 व महोबा डिपो में 66 महिला परिचालक हैं।

दिल्ली से लखनऊ तक और ग्रामीण रूटों पर बसों का करती हैं संचालन

ये जांबाज महिला परिचालक केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं बल्कि देश की राजधानी दिल्ली से लेकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक के लंबे और चुनौतीपूर्ण रूटों पर बसों का सफल संचालन कर रही हैं। इसके साथ ही दिन के समय अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों के रूटों की कमान भी इन्हीं के हाथों में सौंपी गई है। यात्रियों के साथ सौम्य और कुशल व्यवहार के कारण इन महिला परिचालकों की हर तरफ सराहना हो रही है।

रोजगार मेलों से मिला बेटियों को पंख

विभागीय अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर समय-समय पर आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के माध्यम से इन पदों पर पारदर्शी भर्ती की गई है। इस पहल ने न सिर्फ ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगारपरक बनाकर आर्थिक रूप से स्वतंत्र किया है। बल्कि उनके भीतर एक नया आत्मविश्वास भी जगाया है। विपरीत परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण माहौल में भी इन बेटियों का यह जज्बा नए उत्तर प्रदेश की बदलती और सशक्त तस्वीर को पेश कर रहा है।

राम सैय्या तिराहे से भरतकूप मार्ग पर लगेंगी सोलर लाइटें

चित्रकूट। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि राम सैय्या तिराहे से भरतकूप मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिला पंचायत की जिला निधि योजना के अंतर्गत 50 लाख रुपये का प्राक्कलन तैयार कर कार्य कराया जा रहा है। प्राक्कलन के अनुसार प्रस्तावित मार्ग पर 50-50 मीटर की दूरी पर कुल 60 सोलर लाइटें लगाई जा रही हैं। कार्य प्रगति पर है। मंगलवार तक 35 सोलर लाइटों की स्थापना की जा चुकी है। बताया कि शेष कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जाएगा। सोलर लाइटें लगने से इस मार्ग पर रात के समय आवाजाही सुगम और सुरक्षित हो जाएगी।

सपा सचिव ने गिनाई सरकार की नाकामियां

बाँदा। समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा बांदा में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव महेश कश्यप झांसी से चल कर अपने दल बल के साथ बांदा आए और प्रेस वार्ता की उन्होंने पत्रकारों को भाजपा सरकार की साढ़े नौ साल की नाकामियां गिनाई भाजपा सरकार मंहगाई चरम सीमा पर है कानून व्यवस्था लचर है शिक्षा का स्तर निरंतर गिरता जा रहा है पेपर लीक के मामले में सरकार ने गिनीज बुक में रिकॉर्ड बना लिया है स्वास्थ्य व्यवस्था धड़ाम है अस्पतालों में ना दवाई है ना डाक्टर है मरीज मर रहा है बाहर की दवाई लिखी जा रही है जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय आदमी मर रहा है सरकारी कर्मचारी और अधिकारी तानाशाह हो गए हैं पूर्व में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी माननीय अखिलेश यादव जी मुख्यमंत्री थे उन्होंने बहुत सारी जन कल्याण करी योजनाएं धरातल पर उतारी थी जिसे भाजपा सरकार ने बंद करने का काम किया है अब 2027 में समाजवादी सरकार बनेगी तो आम जन मानस को 300 यूनिट बिजली फ्री,प्रत्येक महिला को 40,000 सालाना सम्मान निधि,बच्चियों को के.जी.से लेकर पी.जी. तक शिक्षा फ्री और ढेर सारी योजनाओं का लाभ आम जन मानस को दिया जाएगा उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भाजपा के दलालों से सावधान रहने की नसीहत दी कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोक सभा प्रभारी उमेश यादव, राष्ट्रीय सचिव यूवजन सभा ओम नारायण त्रिपाठी विदित, राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा प्रमोद गुप्ता ₹राजा₹, पूर्व प्रत्याशी अशोक सिंह गौर, पूर्व जिला अध्यक्ष इमरान अली राजू, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय करण, पूर्व जिला अध्यक्ष शमीम ब्रंदवी, रामलाल प्रजापति, दिलीप पटवा, राजन चंदेल, नासिर खान, आमिर खान मन्नी, निलेश श्रीवास, अजय निषाद, सर्वेश पाल, अंकित पाल, के के यादव, नीरज पाल, रहीस खान, बउआ परिहार, जनमेजय सिंह, सिकंदर यादव, मनी कश्यप अनुपम लोहवंशी, अवध बिहारी यादव, आदि आधा सैकड़ा कार्यकर्ता नेता पदाधिकारी उपस्थिति रहे,जानकारी जिला मीडिया प्रभारी/ प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा ने दी।

संक्षिप्त समाचार

ऑस्ट्रेलियाई मां ने एक साथ चार जुड़वा बच्चियों को जन्म दिया

केनबरा, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की 34 वर्षीय जेनिथार सौ नाअमोआना ने क्वींसलैंड के रॉयल ब्रिस्बेन एंड विमेंस हॉस्पिटल में एक साथ चार समान जुड़वा बच्चियों को जन्म दिया है। यह एक अत्यंत दुर्लभ प्राकृतिक गर्भावस्था थी, जिसमें एक ही निषेचित अंडाणु चार भागों में विभाजित हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार स्वाभाविक रूप से ऐसी स्थिति बनने की संभावना 1.5 करोड़ में से 1 होती है और ऑस्ट्रेलिया में ऐसा पहली बार हुआ है। महिला के पहले से चार बच्चे हैं। डॉक्टरों की देखरेख में 14 जुलाई को सिजेरियन डिलीवरी के जरिये बच्चियों का जन्म हुआ।

चीनी रक्षा अताशे ने 12 नागरिकों को बचाने के लिए भारतीय सेना का जताया आभार

बीजिंग, एजेंसी। भारत में चीन के नए रक्षा अताशे रियर एडमिरल यू जियान ने मंगलवार को चीनी सेना (पीएलए) की 99वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में भारतीय सेना का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पिछले साल जून में केरल तट के पास विस्फोट के बाद मालवाहक जहाज से 12 चीनी क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाने के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद दिया। उन्होंने दोनों देशों के बीच सैन्य जुड़ाव, संचार और सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। जियान ने कहा कि चीन और भारत महत्वपूर्ण पड़ोसी हैं। दोनों देशों के साझा हित उनके मतभेदों से कहीं अधिक बड़े हैं।

उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने 4 तालिबानी लड़ाकों को मार गिराया

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने एक खुफिया-आधारित अभियान के दौरान तहरीक-ए-तालिबान के चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया। पुलिस के अनुसार, इलाके में उग्रवादियों की मौजूदगी की सटीक जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई थी। सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच लगभग एक घंटे से अधिक समय तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और इलाके में छिपे अन्य आतंकवादियों का सफाया करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

भारत से पहली सीधी मालगाड़ी पहुंची नेपाल, द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगी रफ्तार

काठमांडू, एजेंसी। भारत-नेपाल व्यापार के लिए ऐतिहासिक कदम के तहत कैनोला दानों से लदी मालगाड़ी पहली बार 20 जुलाई को कोलकाता पोर्ट से विराटनगर स्थित नेपाल कस्टम्स यार्ड पहुंची। 40 वैगन वाली यह मालगाड़ी जोगबनी स्थित भारतीय सीमा शुल्क यार्ड के रास्ते पहुंची। नवंबर 2025 में संशोधित भारत-नेपाल पारगमन संधि के बाद इस रेल गलियारे का यह पहला व्यावसायिक उपयोग है। ज्ञात हो कि जोगबनी-विराटनगर ब्रॉडगेज रेल लिंक का उद्घाटन 1 जून 2023 को पीएम नरेंद्र मोदी और तत्कालीन नेपाली पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड ने किया था। भारत से सहायता प्राप्त इस परियोजना से रसद लागत घटेगी और कोलकाता व विशाखापत्तनम बंदरगाहों से माल सीधे नेपाल पहुंचेगा।

नाइजीरिया में स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में हैजा का प्रकोप, बोर्नी राज्य में 200 लोगों की मौत

वाशिंगटन, एजेंसी। स्वच्छ पानी और पर्याप्त सफाई व स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नी में पिछले दो महीनों में हैजा के प्रकोप में लगभग 200 लोगों की मौत हो चुकी है। यह जानकारी एक अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा मानवीय संगठन डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडिसिन्स सैन्स फ्रंटियर्स-एमएसएफ भी कहते हैं) ने दी है। बुधवार को स्थानीय समयानुसार जारी एक बयान में एमएसएफ ने बीमारी के बढ़ते प्रकोप पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि चल रहे राहत प्रयासों के बावजूद यह बीमारी स्थानीय स्वास्थ्य सुविधाओं पर भारी पड़ सकती है। एमएसएफ ने बोर्नी राज्य सरकार द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 12 जुलाई तक राज्य में कम से कम 198 लोगों की मौत हो चुकी थी और 35,500 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आए थे। संगठन ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य अधिकारियों और मानवीय सहायता भागीदारों के साथ मिलकर काम करते हुए उसने 12 जुलाई तक हैजा के संदिग्ध 24,000 से अधिक रोगियों का इलाज किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, संगठन ने प्रभावित समुदायों में स्वच्छ पानी, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं की अपर्याप्त उपलब्धता को बीमारी के लगातार फैलने का कारण बताया। अप्रैल में नाइजीरिया के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने भारी बारिश और बाढ़ से जुड़े हैजा के प्रकोप के खतरे को देखते हुए 10 राज्यों को उच्च सतर्कता पर रखा था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

फ्रांस में कीटनाशक पर बैन हटा, पर्यावरण मंत्री का इस्तीफा

कहा- मधुमक्खियों की जान बचाना जरूरी, सरकार बोली- किसानों को बचाना ज्यादा जरूरी

पेरिस, एजेंसी। फ्रांस की पर्यावरण मंत्री मोनिक बारबू ने इस्तीफा देने का ऐलान किया है। उन्होंने यह फैसला विवादित कृषि बिल के विरोध में लिया है, जिसमें दो प्रतिबंधित कीटनाशकों के इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक वैज्ञानिकों का कहना है कि ये कीटनाशक मधुमक्खियों और दूसरे परागण करने वाले कीड़ों के लिए नुकसानदायक हैं। पर्यावरण मंत्री बनीं बारबू आज राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपना इस्तीफा सौंपेंगी। फ्रांस की संसद ने मंगलवार को यह बिल पेश किया था। सीनेट ने 214-111 मतों से विधेयक पारित कर दिया। सरकार ने दावा किया कि ये कानून किसानों की मदद के लिए लाया जा रहा है। उसका कहना है कि किसानों को घटती कमाई और खेती की बढ़ती लागत जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

बिल के दो प्रावधानों से सबसे ज्यादा विवाद : 1. कीटनाशकों की मंजूरीः प्रतिबंधित कीटनाशकों एसेटामिप्रिड और फ्लुपाइराडीफ्यूरोन के इस्तेमाल की अस्थायी मंजूरी देना। इसका इस्तेमाल चुकंदर, सेब और चेरी की खेती में किया जा सकेगा।

नुकसान- पर्यावरणविदों का कहना है कि इससे मधुमक्खियों की संख्या तेजी से घटेगी जिससे परागण पर असर पड़ेगा। इससे किसानों की पैदावार और आय पर उल्टा असर पड़ेगा।

2. पानी जमा करने की इजाजतः किसानों को सिंचाई के लिए बड़े जलाशय या कृत्रिम तालाब बनाने की अनुमति आसानी से मिले।

नुकसान- पर्यावरणविदों का कहना है कि ये जलाशय भूजल और नदियों से बड़ी मात्रा में पानी भरते हैं। इससे गर्मियों में नदियों और भूजल का स्तर घट सकता है जिससे पारिस्थितिक तंत्र पर असर पड़ेगा।

आखिरी समय में जोड़े गए दोनों प्रावधान : इन्हीं प्रावधानों को लेकर पर्यावरणविदों और सरकार के भीतर भी विरोध बढ़ गया। इसके विरोध में पर्यावरण मंत्री मोनिक बारबू ने पद छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि वह कीटनाशक और पानी के भंडारण से जुड़े दोनों प्रस्तावों के खिलाफ थीं। ये दोनों प्रावधान विधेयक में आखिरी समय में जोड़े गए थे, ताकि रूढ़िवादी बहुमत वाली सीनेट से इसे पारित कराया जा सके। बारबू ने आरोप लगाया कि सरकार ने उनसे किए गए वादे के विपरीत इस प्रावधान को हटाने पर कोई चर्चा ही नहीं होने दी। बारबू ने सोशल मीडिया पर लिखा, पिछले नौ महीनों में मैंने जंगलों, साफ पानी, स्वच्छ हवा, उपजाऊ मिट्टी और जैव विविधता की रक्षा के लिए काम किया। लेकिन विरोधी ताकतें इतनी मजबूत हो गई हैं कि मैं अपने मकसद पूरे नहीं कर पा रही। राजनीति मेरी दुनिया नहीं है और अगर राजनीति ऐसी ही होती है, तो यह कभी मेरी दुनिया नहीं बन सकती।

कीटनाशकों की मंजूरी के पीछे सरकार का तर्क : सरकार का कहना है कि नए प्रावधान लाने का फैसला उन किसानों की मदद के लिए लिया गया है, जो मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। किसानों की लागत बढ़ने और कमाई घटने से खेती करना मुश्किल हो गया है। सरकार के मुताबिक अगर कीटनाशकों के सीमित इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी गई, तो फ्रांस के किसान यूरोप के दूसरे देशों के किसानों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। क्योंकि कई यूरोपीय देशों में इन कीटनाशकों के इस्तेमाल की अनुमति पहले से है। फ्रांस की कृषि मंत्री एनी जेनेवार्ड ने बारबू के विरोध पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने कहा, 'अगर यह कानून विरोध या राजनीतिक कारणों से पास नहीं होता, तो पहले से मुश्किलों का सामना कर रहे किसान और ज्यादा संकट में आ जाते।'

पहले भी विवाद में रहा है यह कीटनाशक : एसेटामिप्रिड और फ्लुपाइराडीफ्यूरोन रसायन नियोनिकोटिनॉइड नाम के कीटनाशकों के समूह में आते हैं। यूरोपीय संघ के नियमों के तहत इनका इस्तेमाल कुछ शर्तों के साथ किया जा सकता है, लेकिन फ्रांस में इन पर फिलहाल प्रतिबंध है। एसेटामिप्रिड पर फ्रांस ने 2018 में प्रतिबंध लगाया था, क्योंकि इसे मधुमक्खियों और दूसरे परागण करने वाले कीड़ों के लिए हानिकारक माना गया था।

एक साल पहले भी इस रसायन पर बैन हटाने की कोशिशें हुई थीं लेकिन फ्रांस की सुप्रीम कोर्ट ने इससे इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि इससे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर खतरा पैदा हो सकता है। इस प्रस्ताव के खिलाफ 20 लाख से ज्यादा लोगों ने हस्ताक्षर कर विरोध जताया था।

पाकिस्तान में पेट्रोल पंप मालिकों ने किया हड़ताल का ऐलान; जनता की बढ़ी मुश्किलें

इस्लामाबाद, एजेंसी। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान में अब आम जनता के लिए पेट्रोल और डीजल की एक-एक बूंद मिलना मुश्किल हो सकता है। पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को लेकर एक ऐसा फैसला किया है, जिसने देश भर के पेट्रोल पंप मालिकों को नाराज कर दिया है। तेल और गैस नियामक प्राधिकरण ने घोषणा की है कि अब पेट्रोल और डीजल की कीमतें हर सात दिन के बजाय रोजाना आधार पर तय की जाएंगी। सरकार के इस कदम के खिलाफ पेट्रोल पंप मालिकों ने मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल और धरने पर जाने का ऐलान कर दिया है।

पेट्रोलियम मामलों के संघीय मंत्री अली परवेज मलिक ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद अब ओ जी आर ए हर दिन तेल की कीमतें निर्धारित करेगा। इन नई कीमतों को रोजाना प्राधिकरण की वेबसाइट पर सार्वजनिक किया जाएगा। आंकड़ों के मुताबिक, 22 जुलाई को पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 320.73 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 367.21 रुपये प्रति लीटर दर्ज की गई है। ईरान-अमेरिका तनाव का पड़ा सीधा असर पाकिस्तान सरकार ने इस नीतिगत बदलाव के पीछे अंतरराष्ट्रीय स्थितियों को जिम्मेदार ठहराया है। संघीय मंत्री अली परवेज मलिक के अनुसार, पिछले कुछ समय से ईरान और अमेरिका के बीच जारी सैन्य तनाव के कारण वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है। इसी अनिश्चितता को देखते हुए सरकार ने दैनिक आधार पर कीमतें जारी करने का फैसला लिया है, ताकि बाजार में उतार-चढ़ाव का सही आकलन हो सके। जनता पर पड़ेगा तत्काल प्रभाव सरकार का बताया कि इस फैसले से पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता आएगी। सूचना मंत्री अट्टा तारार के अनुसार, पहले वैश्विक बाजार में कीमतों में होने वाली गिरावट का फायदा जनता तक पहुंचने में एक हफ्ते का समय लगता था। अब यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें कम होती हैं, तो उसका लाभ तुरंत उपभोक्ताओं को मिल सकेगा। हालांकि, सरकार ने यह भी कहा है कि इस व्यवस्था को लागू करना चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि कीमतों में वृद्धि का प्रभाव भी जनता पर तत्काल पड़ेगा।

भारत के सामने झुके नेपाल के प्रधानमंत्री ! बालेन शाह ने भारतीय राजदूत को मिलने के लिए बुलाया

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने सत्ता संभालने के कुछ ही महीनों बाद अपनी विदेश नीति में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने विदेशी राजनयिकों से अकेले मुलाकात नहीं करने का नियम बनाया था। अब खबर है कि वह इसी सप्ताह भारत और चीन के राजदूतों से अलग-अलग मुलाकात करेंगे। इसे उनकी विदेश नीति में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री बालेन शाह के कार्यकाल को 100 दिन से थोड़ा अधिक समय हुआ है। इस दौरान उन्हें दो बड़े जनविरोधों का सामना करना पड़ा। पहला विरोध भारत-नेपाल सीमा पर कस्टम ड्यूटी लागू करने को लेकर हुआ, जबकि दूसरा विरोध एक राइड-शेयर चालक की पुलिस कार्रवाई के खिलाफ आत्मदाह की घटना के बाद भड़का। घरेलू चुनौतियों के बीच अब उन्होंने विदेश नीति में भी नरमी दिखाई है। रिपोर्टों के अनुसार, बालेन शाह इस सप्ताह भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव और चीन के राजदूत झांग माओमिंग से अलग-अलग मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि वह दोनों पड़ोसी देशों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने का संदेश देना चाहते हैं। इसी वजह से दोनों मुलाकातें एक ही दिन करने की तैयारी की जा रही है।

प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह ने कहा था कि वह किसी भी विदेशी राजनयिक से अकेले मुलाकात नहीं करेंगे। इसी नीति के तहत उन्होंने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, चीन के उप वाणिज्य मंत्री और अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अलग बैठक करने से इनकार कर दिया था। इसके बजाय उन्होंने सभी विदेशी राजदूतों के साथ केवल सामूहिक बैठक की थी। बालेन शाह की इस नई व्यवस्था की नेपाल के कूटनीतिक हलकों और मीडिया में काफी आलोचना हुई। कई पूर्व अधिकारियों और विदेश नीति विशेषज्ञों ने इसे स्थापित कूटनीतिक परंपराओं के खिलाफ बताया। वरिष्ठ पत्रकार केशव प्रधान ने कहा था कि भारत के विदेश सचिव और भारतीय राजदूत से अलग मुलाकात से इनकार करना नेपाल के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। अब बालेन शाह का बदला रुख बताता है कि सरकार अपनी विदेश नीति में व्यावहारिक रास्ता अपनाने की कोशिश कर रही है।

पाकिस्तान के कराची में एचआईवी का प्रकोप, 6 मासूमों की मौत, 94 बच्चे संक्रमित, दहशत में सिंध प्रांत

कराची, एजेंसी। पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर कराची इस समय एक गंभीर स्वास्थ्य संकट की चपेट में है। शहर के एक सरकारी अस्पताल में एचआईवी का भयानक प्रकोप सामने आया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल नवंबर से अब तक इस जानलेवा वायरस के संक्रमण की वजह से 6 मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि कुल 94 बच्चे संक्रमित पाए गए हैं।

नवंबर 2025 से शुरू हुआ मौतों का सिलसिला : सिंध प्रांत के स्वास्थ्य सचिव ताहिर हुसैन सांगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि संक्रमण का यह सिलसिला नवंबर 2025 में कराची के कुलसूम बाई वालिका अस्पताल से शुरू हुआ था। यह अस्पताल 'सिंध एम्प्लॉइज सोशल सिक्योरिटी इंस्टीट्यूशन' द्वारा संचालित किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई आंतरिक जांच में यह खुलासा हुआ है कि अस्पताल का रिकॉर्ड संक्रमण की भयावहता की पुष्टि करता है। रिपोर्ट के अनुसार, केवल इस महीने में ही 16 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद संक्रमित बच्चों की कुल संख्या बढ़कर 94 हो गई है।

आसपास के इलाकों में फैला संक्रमण : अस्पताल में बच्चों के संक्रमित होने की खबर मिलते ही सिंध स्वास्थ्य विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर टेस्टिंग शुरू कर दी है। स्वास्थ्य सचिव के अनुसार, अस्पताल के निकटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लगभग 10,000 लोगों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 120 लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। इन संक्रमितों में बच्चे और वयस्क दोनों शामिल हैं। प्रशासन अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि संक्रमण का प्राथमिक स्रोत क्या है और यह इतनी तेजी से आबादी के बीच कैसे फैला।

पाकिस्तान में कैसे फैला एचआईवी : पाकिस्तान में HIV फैलने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसी साल अप्रैल में भी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई थी, जिसमें एक ही सिरिंज को कई मरीजों पर इस्तेमाल करने के कारण 331 बच्चों में संक्रमण फैल गया था। जांच के दौरान अस्पताल कर्मियों द्वारा बिना स्टेराइल दस्ताने पहने इंजेक्शन लगाने और मल्टी-डोज वायल्स के साथ सिरिंज का पुनः उपयोग करने की तस्वीरें भी सामने आई थीं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि कराची के इस मामले के पीछे भी चिकित्सकीय लापरवाही और संक्रमित सुइयों का उपयोग एक बड़ी वजह हो सकता है। बढ़ते दबाव के बीच, सिंध सरकार ने सभी संक्रमित मरीजों के जीवन भर चलने वाले इलाज का खर्च उठाने का फैसला किया है। स्वास्थ्य विभाग ने नामी डॉक्टरों की एक विशेष समिति का गठन किया है।

ईरान पर 12वीं रात भी बरसे अमेरिकी बम, सिरिक में जोरदार धमाके; ट्रंप ने बातचीत से किया साफ इनकार

तेहरान, एजेंसी। पश्चिम एशिया में तनाव अब एक खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है। अमेरिकी सेना ने बुधवार को लगातार 12वीं रात ईरान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन हमलों से दक्षिणी ईरान का सिरिक क्षेत्र दहल उठा है, जहां देर रात भीषण धमाकों की आवाजें सुनी गईं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की है कि यह सैन्य कार्रवाई राष्ट्रपति और कमांडर-इन-चीफ के सीधे आदेश पर की गई है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह हवाई हमले बुधवार शाम करीब 5:30 बजे (ईस्टर्न टाइम) शुरू किए गए। इस सैन्य ऑपरेशन का प्राथमिक उद्देश्य ईरान की उन क्षमताओं को नष्ट करना है, जिनसे वह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और आम नाविकों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिकी वायुसेना ने मुख्य रूप से ईरान के एयरक्राफ्ट हैंगर, ड्रोन स्टोरेज सेंटर, सैन्य ऑपरेशन्स मुख्यालय और समुद्री रसद बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर भारी क्षति पहुंचाई है।

होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ता तनाव : अमेरिका का दावा है कि ये हमले ईरान को जवाब देने के लिए जरूरी थे। गौरतलब है कि मंगलवार को ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर को निशाना बनाया था, जिसके बाद स्थिति और बिगड़ गई। इस जंग की तपिश अब पड़ोसी देशों तक भी पहुंच रही है। बहरीन और कुवैत जैसे देशों में मिसाइल हमलों की आशंका के चलते सायरन बजाकर अलर्ट जारी किया गया है। सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह सिलसिला नहीं थमा, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था और कच्चे तेल की सप्लाई चैन पर इसका विनाशकारी असर पड़ सकता है।

ट्रंप का कड़ा रुख : इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कर दिया है कि फिलहाल उनकी ईरान के साथ किसी भी तरह की बातचीत में कोई रुचि नहीं है। ट्रंप के हालिया बयानों ने दुनिया की चिंता और बढ़ा दी है, क्योंकि उन्होंने संकेत दिया है कि अमेरिकी सेना जल्द ही ईरान के उन क्षेत्रों को भी निशाना बना सकती है जो परमाणु संवर्धन केंद्रों के करीब हैं। अमेरिका का स्पष्ट कहना है कि जब तक ईरान होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों के लिए खतरा बना रहेगा, तब तक यह मिशन जारी रहेगा।

ईरान की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की धमकियां : ईरान भी जवाबी कार्रवाई की धमकियां दे रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में पूर्ण युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस समय शांति की अपील कर रहा है, लेकिन व्हाइट हाउस के तेवरों से लगता है कि अमेरिका ईरान की सैन्य शक्ति को पूरी तरह पंगु बनाने के मूड में है।

अमेरिकाः एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में भारतवंशी अमीश शाह जीते, अब किससे होगा मुकाबला?

फिनिक्स (एरिजोना), एजेंसी। भारतीय मूल के अमीश शाह ने बुधवार को एरिजोना के एक अहम कांग्रेस (संसद) क्षेत्र में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। यह काफी कड़ा मुकाबला था। शाह की जीत से डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी (डीसीसीसी) को झटका लगा है, क्योंकि उसने शाह के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार का समर्थन किया था। यह नतीजा ऐसे समय आया है, जब ज्यादा से ज्यादा मतदाता वाशिंगटन में पार्टी नेताओं की पसंद को खारिज कर रहे हैं।

आपातकालीन चिकित्सक अमीश शाह अब आम चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार जे फीली का सामना करेंगे। फीली नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के पूर्व खिलाड़ी हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्राइमरी चुनाव में उनका समर्थन किया था। राजनीति में विरोधी बनने से पहले फीली और शाह एक ही टीम न्यूयॉर्क जेट्स का हिस्सा थे। शाह टीम के किनारे तैनात डॉक्टर थे, जबकि फीली टीम के किकर थे। डीसीसीसी ने मार्लीन गैलन-वूड्स का समर्थन किया था। वह पहले रिपब्लिकन पार्टी में थीं और ट्रंप के पहले कार्यकाल की शुरुआत में डेमोक्रेटिक पार्टी में शामिल हो गई थीं। पहले कांग्रेस क्षेत्र के लिए यह मुकाबला काफी अहम माना जा रहा था। इस क्षेत्र में उत्तर-पूर्वी फीनिक्स, स्कॉट्सडेल, फाउंटेन हिल्स और पैराडाइज वैली जैसे समृद्ध इलाके शामिल हैं। माना जा रहा है कि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में किस पार्टी का नियंत्रण रहेगा, इसे तय करने में यह चुनाव भूमिका निभा सकता है। हालांकि, इस क्षेत्र में रिपब्लिकन मतदाता ज्यादा हैं, लेकिन पिछले एक दशक में यहां के लोगों की राजनीतिक सोच कुछ हद तक बदली है। यह सीट खाली हुई है क्योंकि रिपब्लिकन सांसद डेविड श्वाइकर्ट ने गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ा था। लेकिन मंगलवार को रिपब्लिकन प्राइमरी में वह एंडी बिग्स से हार गए। डीसीसीसी के गैलन-वूड्स को समर्थन देने के फैसले से स्थानीय डेमोक्रेट्स हैरान थे। इसकी वजह यह थी कि गैलन-वूड्स और शाह की राजनीतिक सोच में ज्यादा अंतर नहीं था। दोनों ही बीच की राजनीतिक सोच रखने वाले उम्मीदवार हैं। यह चुनाव डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ते प्रगतिशील और मध्यमार्गी नेताओं के बीच विवाद का हिस्सा भी नहीं था। यह मुकाबला कुछ हद तक 2024 के चुनाव जैसा था। उस समय शाह ने कई उम्मीदवारों के बीच हुए प्राइमरी मुकाबले में मामूली अंतर से जीत हासिल की थी। उस चुनाव में गैलन-वूड्स भी शामिल थीं। हालांकि, आम चुनाव में शाह हार गए थे। उस साल डीसीसीसी ने प्राइमरी में किसी उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया था।

ईरान के साथ बातचीत से समझौता करना ही समझदारी

न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सेना को निर्देश दिया है कि वह फिलहाल ईरान पर कोई नया हमला न करे। द न्यूयॉर्क टाइम्स और एक्सियोस की रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुक्रवार को अपने टॉप एडवाइजर्स और कैबिनेट मंत्रियों के साथ हुई मीटिंग के बाद ट्रंप ने यह अहम फैसला लिया। लगातार 13 दिनों तक ईरान पर सैन्य कार्रवाई कराने के बाद ट्रंप ने अब इस पर ब्रेक लगा दिया है। उन्होंने साफ किया है कि वे किसी बड़े युद्ध के बजाय ईरान के साथ बातचीत करके एक समझदारी भरा समझौता करना चाहते हैं।

सैन्य अधिकारियों की चेतावनी

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति ट्रंप को चेतावनी दी थी कि अगर यह सैन्य अभियान ऐसे ही जारी रहा, तो मिडिल-ईस्ट में तैनात अमेरिकी सेना के पास पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों और एयर डिफेंस हथियारों की भारी कमी हो सकती है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने सलाह दी कि बड़े पैमाने पर युद्ध जारी रखने से रक्षा हथियारों का स्टॉक खत्म हो सकता है, जिससे वहां मौजूद अमेरिकी सैनिकों और सहयोगी देशों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

क्या यह फैसला हमेशा के लिए है?

एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अभी यह पूरी तरह साफ नहीं है

कि हमलों पर रोक का यह फैसला हमेशा के लिए है या कुछ समय के लिए। हालांकि, अगर राष्ट्रपति ट्रंप दोबारा आदेश देते हैं, तो अमेरिकी सेना बहुत ही कम समय में हमला करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सूत्रों का कहना है कि सेना ने आगे के ऑपरेशन्स की योजनाएं बनाकर रखी हैं, लेकिन फिलहाल ट्रंप ने उन्हें आगे बढ़ने की हरी झंडी नहीं दी है। इस पूरे मुद्दे पर व्हाइट हाउस ने कोई आधिकारिक बयान देने से मना कर दिया है।

ईरान के साथ बातचीत से समझौता करना ही समझदारी

शुक्रवार को रोजाना की तरह सेना ने राष्ट्रपति के सामने हमले का प्लान पेश किया था, लेकिन ट्रंप ने उसे मंजूरी नहीं दी। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके पास हमले तेज करने या ईरान की पूरी ताकत को तबाह करने का विकल्प मौजूद है, लेकिन बातचीत ही सबसे सही रास्ता है।

ट्रंप ने कहा, "हम इस समय ईरान के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे हैं। मुझे लगता है कि वक्त बीतने के साथ वे भी बातचीत को लेकर सीरियस हो रहे हैं। हमारी सेना किसी भी एक्शन के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन फिलहाल हम बातचीत को मौका दे रहे हैं।"

मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियां तेज, यूसुफपुर मंडी समिति में प्रशासन ने कसी कमर

अखंड भारत संदेश

गाजीपुर। जनपद के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 30 जुलाई को प्रस्तावित संभावित दौरे को लेकर यूसुफपुर मंडी समिति में प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभा स्थल का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक इरज राजा ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन, मंच निर्माण, पार्किंग, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी की जाएं, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद की ओर से सभा स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा युद्धस्तर पर साफ-सफाई, कचरा निस्तारण और परिसर को व्यवस्थित बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम स्थल पूरी तरह स्वच्छ और आकर्षक दिखाई दे।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अतुल सोनकर, उपजिलाधिकारी ध्रुव शुक्ला, तहसीलदार, नायब तहसीलदार विपिन चौरसिया, खंड विकास अधिकारी अनिल राय, एडीओ (आरडी) संजय सिंह, नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कोतवाली प्रभारी विजय प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी अरविंद कुमार, उपनिरीक्षक ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस अधिकारी और जवान भी मौके पर तैनात रहे।

प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ तैयारियों में जुटे हैं, ताकि कार्यक्रम का सफल और सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

सड़क हादसा: ऑथोर्पेडिक सर्जन की कार की टक्कर बाइक सवार युवक गंभीर

डॉक्टर रस्तोगी मौके से फरार

सुल्तानपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के पंचरस्ता चौराहे पर सोमवार को एक सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. सी.एल. रस्तोगी की कार ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलने पर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी

कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा वाहन और चालक की पहचान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी में मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

गाजीपुर। जनपद के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद अंतर्गत पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में एक युवक पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय कोतवाली इलाके के दर्जी मोहल्ला निवासी सादिक इदरीसी पुत्र साजिद इदरीसी 18 वर्षीय ने 25 जुलाई को धरना प्रदर्शन के दौरान एक वीडियो बाइट में प्रधानमंत्री को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। युवक ने सलेमपुर स्थित एक कोचिंग को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

स्वतन्त्रता सेनानी राम अभिलाष पांडे का निधन

सुलतानपुर-बल्दीराय तहसील क्षेत्र के थाना हलियापुर अंतर्गत पूरे पांडे (तिरहुत) निवासी वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी राम अभिलाष पांडे का लगभग 90 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

प्रशासन ने तत्काल व्यवस्था संभालते हुए राजकीय सम्मान के साथ उनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया संपन्न कराई। थाना प्रभारी हलियापुर अतुल कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उपजिलाधिकारी बल्दीराय प्रभात सिंह तथा पुलिस उपाधीक्षक आशुतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दिवंगत लोकतंत्र सेनानी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुलिस

लाइन से पहुंचे जवानों ने पूरे सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। इस दौरान हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार, उमाकांत, सुधीर कुमार, विनय कश्यप तथा नौशाद सहित पुलिसकर्मियों ने सम्मान सलामी दी। इसके उपरांत दिवंगत राम अभिलाष पांडे को उनके पुत्र राम प्रसाद पांडे ने मुखाग्नि दी।

कार्यक्रम में राजस्व विभाग की ओर से राजस्व निरीक्षक एवं हल्का लेखपाल ओंकार मौर्य उपस्थित रहे। थाना हलियापुर से थाना प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक राम प्रकाश सिंह, भगवती प्रसाद, दीवान शमशेर बहादुर सिंह, कांस्टेबल चंदन कुमार, मनीष सौरभ, संदीप पांडे, दीनानाथ यादव तथा सागर सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

अंतिम संस्कार में कांग्रेस नेता रामदेव पांडे, ग्रामीण और रिश्तेदार मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत लोकतंत्र सेनानी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया।

हत्यारोपी केशरी मामा ने पुलिस को चकमा देकर किया सरेंडर,शार्प शूटर में होती है गिनती

सुल्तानपुर। प्रॉपर्टी डीलर माताप्रसाद पांडेय की हत्या के मामले में लम्बे समय से वांछित चल रहे प्रयागराज जिले के आरोपी केशरी उपाध्याय उर्फ मामा ने सोमवार को पुलिस को चकमा देकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी केशरी मामा की रिमांड स्वीकार करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है।

कुड़वार थाने के पूरे बेनीमाधव गांव के रहने वाले वादी मुकदमा अवनीश पांडेय ने गत 25 मार्च की घटना बताते हुए प्रॉपर्टी विवाद में

अपने पिता माताप्रसाद पांडेय की गोली मारकर हत्या किए जाने के आरोप में स्थानीय थाने के रूपापुर निवासी रमेश मौर्य,उनके पुत्र अनुराग मौर्य,सह आरोपी सुरेंद्र शर्मा व अज्ञात लोगो के खिलाफ कुड़वार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

इस वर्ष का पूर्वांचल प्रसिद्ध बरियाघाट विजयादशमी मेला होगा ऐतिहासिक: रीतू केसरी

सभी नवीन पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए उन्हें किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

मीरजापुर।श्री रामलीला कमेटी बरियाघाट की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री पंचमुखी महादेव जी मन्दिर के सत्संग हाल में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में इस वर्ष के लिए बनाये गये नवीन पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कमेटी के संरक्षक शैलेंद्र अग्रहरि ने कहाकि मातृशक्तियो की कमेटी मे आधी भागीदारी देखकर मुझे लग रहा है कि इस वर्ष का विजयादशमी मेला ऐतिहासिक होगा। प्रभू श्री रामचन्द्र जी के लीला को प्रस्तुत करने में रामलीला कमेटी बरियाघाट पूर्वांचल में प्रसिद्ध है, जो प्रदेश में चर्चा का विषय होगा।

रामलीला कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती रीतू केसरी ने महिला पदाधिकारियो को अंगवस्त्रम ओढाकर स्वागत किया एवं संस्थापक सदस्य अक्षयवर नाथ केसरवानी, संरक्षक द्वय सतीश चंद्र सर्राफ एवं शैलेंद्र अग्रहरि, यहामंत्री संतोष ऊमर, कोषाध्यक्ष रवींद्र कुमार गुप्ता ने पदाधिकारियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया । महामंत्री संतोष ऊमर ने कहाकि संगठन ही सर्वोपरि है, किसी मुकाम तक पहुँचने के लिए आप सभी का सहयोग आवश्यक है। बैठक को कोषाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार गुप्ता, महामंत्री संतोष ऊमर, उपाध्यक्ष शत्रुघ्न केशरी ने सम्बोधित किया। संचालन संरक्षक सतीश चन्द्र सर्राफ ने किया। इस अवसर पर अक्षयवर नाथ केसरवानी, सतीश चंद्र सर्राफ, संतोष ऊमर, शत्रुघ्न केशरी, रविंद्र कुमार गुप्ता, विमलेश अग्रहरि, स्वाति केसरी, अनुज उमर, सभासद राधेश्याम गुप्ता, विपिन पुजारी, प्रदीप गुप्ता, अमित गोयल, आकाश दूबे, बद्री अग्रहरि, सरिता गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, आकाश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सत्यनारायण केसरवानी, ममता श्रीवास्तव, रत्ना साहू, रीता रानी, सनत केशरवानी, अस्मिता केसरी, राजीव शुक्ला, उज्जवल दास केसरवानी, शिखा अग्रवाल, गीता रानी, कमला केसरवानी, शिप्रा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, गायत्री यादव, रुबी गुप्ता, सीता ऊमर, गुंजन सिंह, मनदीप, सुमन वैश्य।

सहकारी बैंक के चेयरमैन ने किया नवगठित सहकारी समिति का उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

मीरजापुर।शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक न्याय पंचायत में एक नई सहकारी समिति के गठन के क्रम में आज तहसील लालगंज के ग्राम पचोखर में नवगठित सहकारी समिति का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मिजार्पुर के सभापति डॉ० जगदीश सिंह पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। नवगठित समिति के शुभारंभ के उपरांत क्षेत्र के किसानों को उर्वरक का वितरण भी किया गया। इससे क्षेत्रीय किसानों को

सहकारी सुविधाओं एवं कृषि संबंधी सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर सुगमता से प्राप्त हो सकेगा।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विपुल सिंह, उपायुक्त अमित पाण्डेय, बैंक के सीओ राजकुमार यादव, अतुल सहित सहकारिता विभाग के एडीसीओ, एडीओ एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सीएमओ ने अपने ही आफिस का किया औचक निरीक्षण, निरीक्षण में दो कमरे बन्द मिले

अखंड भारत संदेश

मीरजापुर। सीएमओ आफिस में उस समय अफरातफरी मच गया, जब सीएमओ डॉ के0के0 मिश्र आफिस आते ही बारी बारी सभी कमरों समेत आलमारियों को चेक करने मे लग गये।



निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारियों को आदेशित किया कि वह साफ सफाई का विशेष घ्यान दे और कमरों के एसी में पानी लिकेज को लेकर स्टोनो को आदेशित किया कि इसको जल्द से जल्द ठीक कराने का काम कराये। कुछ कमरे में निरीक्षण के दौरान बन्द मिले, जिसके लिए आदेशित किया कि समय से आये नही, तो इनके उपर विभागीय कार्यवाही करने किया जायेगा।

छात्र प्रदर्शन पर पुलिस का एक्शन, 10 लोग गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में छात्रों के आंदोलन हिंसा और उपद्रव करने वालों पर अब पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है. इस मामले में अभी तक 3 अलग-अलग ऋक्षफ़ दर्ज की गयीं हैं. जबकि 10 लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है. पुलिस के मुताबिक छात्रों के बीच घुसकर उपद्रवियों ने की हिंसा.

डीसीपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में एक भी छात्र नहीं है. प्रदर्शन कर रहे छात्रों की भीड़ में घुसकर अराजक तत्वों ने उपद्रव किया है और गाड़ियों म तोड़फोड़ की है. कई टीमें इन सभी की पहचान में लगी हुई हैं.

सीसीटीवी फुटेज से की जा रही पहचान

पुलिस उपद्रवियों के खिलाफ डिजिटल सुबूत मजबूत कर रही है. जिसमें वीडियो फुटेज, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान की जा रही है. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक तोड़फोड़ करने वाले किसी भी आरोपी को नहीं बख्शा जाएगा. आगे गिरफ्तारी और तेज होंगी कई लोगों को अभी और गिरफ्तार किया जा सकता है. पुलिस ने सिविल लाइंस समेत संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा-व्यवस्था और कड़ी कर दी है.

शनिवार को हुआ था उपद्रव

यहां बता दें कि शनिवार दोपहर में छात्र आंदोलन के दौरान जैसे ही सूचना मिली कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा हो गया है. छात्रों ने खुशी में जुलूस निकाला. इस बीच सिविल लाइंस इलाके में कुछ लोगों ने वहां खाड़ी गाड़ी में तोड़फोड़ की और उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था.

छात्रों पर कार्रवाई को लेकर विपक्ष ने बीजेपी सरकार की आलोचना की है. सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ये मामला उठाते हुए कहा कि सरकार ने यह दावा किया था।

वर्षा जल निकास हेतु बने साइफन संबंधी विवाद के बाद अधिशासी अभियंता ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

चुनार, मीरजापुर। जरगो बांध से लिंक मानिकपुर माइनर की बरेवां और भरेहठा सीमा पर गांव की वर्षा जल निकास हेतु बने साइफन पर एक व्यवसायी एवं स्थानीय कास्तकार द्वारा बार-बार नहर बांधने से उत्पन्न जल प्लावन और आबादी डूबने का पिछले दो सप्ताह से चल रहे विवाद का दैनिक भास्कर मे खबर छपने का असर देखने को मिला। सोमवार को अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड चुनार हरिशंकर प्रसाद ने मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बरेवां व भरेहठा की पुरे टेल नहर की जलापूर्ति और निकास की व्यवस्था को देखा। दोनों गांव के किसानों से बातचीत करके नहर बांधने के कृत्य को गैरकानूनी बताया। मौके पर ही अपने अधीनस्थों को तत्काल बांधे गए नहर को खोलने का आदेश दिया।

इसके साथ ही उपस्थित किसानों को भविष्य में ऐसे कार्य करने पर उनके विरुद्ध विधि संगत कार्रवाई की चेतावनी दिया और टेल नहर पर लिंक ग्राम सभा की जल निकास व सिंचाई हेतु क्षतिग्रस्त और पटी हुई नालियों को पुनः बनाने का सलाह दिया। इस दौरान अभियंता आलोक कुमार, सहायक अभियंता संदीप यादव, जिलेदार वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

यूपी में राशन लेने वालों को झटका! अगस्त में नहीं आएगा कोटा?

उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश में अगस्त के महीने में राशन वितरण पर तलवार अटक गयी है, क्योंकि प्रदेश भर के सैकड़ों कोटेदार मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर लखनऊ पहुंचे हैं, जहां ये सबही विधानसभा घेराव की तैयारी में थे. लेकिन पुलिस ने उन्हें चारबाग पर ही रोककर इको गार्डन भेज दिया.

कोटेदार संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर सरकार जल्द सुनवाई नहीं करती है तो अगस्त महीने में राशन वितरण पूरी तरह रोक दिया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में बड़े स्टार पर आंदोलन का ऐलान भी किया है.

यह भी पढ़ें: लोकसभा में बोले अखिलेश यादव- एक प्रधान को हटाकर एक प्रधान को बचा लिया

प्रदेश भर में 70 हजार कोटेदार

यहां बता दें कि प्रदेश के 75 जनपदों में कुल 70 हजार कोटेदार हैं, जोकि हर महीने 80 लाख कुंतल राशन वितरण करते हैं. कोटेदारों का कहना है कि वे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और प्रधानमंत्री अन्न योजना में निशुल्क राशन वितरित करने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं. लेकिन अन्य राज्यों की तुलना में उनका कमीशन बेहद कम है. जबकि इसे जल्द से जल्द बढ़ाएं ताकि उनका जीवन और बेहतर हो सके.

कोटेदारों की क्या हैं प्रमुख मांगें ?

कोटेदारों की प्रमुख मांगों में कमीशन बढ़ाने के साथ ही नियमित मानदेय, बीते तीन महीने के लंबित भुगतान की मांग

समेत बाकी राज्यों जैसी सुविधाएं शामिल हैं. कोटेदारों ने बताया कि यूपी में 90 रुपए प्रति कुंतल लाभांश मिलता है. जबकि हरियाणा, गोवा में 200 रुपए तक है. जबकि कुछ राज्यों में न्यूनतम आय गारंटी के तहत 200 हजार रुपए तक की सुविधा दी जा रही है.

फिलहाल पुलिस और प्रशासन कोटेदारों को इको गार्डन में ही रोक रखा है, लेकिन उनके तेवर देख यह जान पड़ रहा है कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया तो आगे आंदोलन तेज हो सकता है.

इस दौरान पुलिस और कोटेदारों के बीच काफी देर तनाव भी रहा. पुलिस सभी को विधानसभा रोकने में कामयाब जरुर हो गयी।